उज्जैन
बुधवार
29
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-266
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन का टीम इंडिया में चयन
7 कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड के साथ भारत के 12 मेडल

## हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को चीन से मिला 6,000 करोड़ का फंड

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में यूनिवर्सिटीज को मिलने वाली विदेशी फंडिंग पर सवालों के बीच नया खुलासा हुआ है। इससे यूनिवर्सिटीज और ट्रम्प प्रशासन के बीच टकराव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। शिक्षा विभाग के पोर्टल के मुताबिक, हार्वर्ड को विदेशी स्रोतों से रिकॉर्ड 43,100 करोड़ रु. मिले हैं, जो देश में सबसे ज्यादा है। इसमें से छह हजार करोड़ चीन से आए हैं। ट्रम्प प्रशासन की वीसा नीतियों और प्रवासियों पर सख्ती के बीच अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर विदेशी नागरिकों और पैसे पर अत्यधिक निर्भरता का आरोप लग रहा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौते की बात कही जा रही है। ट्रम्प प्रशासन से जांच शुरू करने की मांग उठी है। यह विवाद सिर्फ हार्वर्ड तक सीमित नहीं है। अमेरिका के वॉच-लिस्ट में शामिल शीर्ष पांच चीनी कंपनियों (जैसे हुआवेई और एयर चाइना) ने देश के अलग-अलग कॉलेजों को करीब 1,140 करोड़ रु. दिए हैं। इन्हें भी राडार पर लेकर जांच हो सकती है।

## ट्रम्प-नेतन्याहू बैठक में बोले- ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्हाइट हाउस में करीब 90 मिनट तक बैठक हुई। इसके बाद नेतन्याहू व्हाइट हाउस से रवाना हो गए। बैठक के बाद नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान जारी किया। उन्होंने कहा- ट्रम्प के साथ उनकी मुलाकात अब तक की सबसे अच्छी बातचीत में से एक रही। यह पूरी तरह सहयोग, आपसी समर्थन और साझा समझ वाली बैठक थी। हमारा साझा लक्ष्य है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न करे। इसके अलावा भी कई अन्य मुद्दों पर बातचीत हुई। इजराइल की सुरक्षा और भविष्य से जुड़े अहम मुद्दों पर भी समन्वय किया। वहीं, इससे पहले ट्रम्प यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी मिले।

## ट्रक की चपेट में आई पिकअप, तीन लोगों की मौत, एक गंभीर

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। मोदीनगर के निवाड़ी थाना क्षेत्र में गंगनहर पटरी मार्ग पर सौंदा पुल के समीप मंगलवार देर रात ट्रक की चपेट में आकर पिकअप सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब पिकअप सवार लोग राजस्थान से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गंगनहर पटरी मार्ग पर पिकअप गाड़ी में ट्रक की साइड लग गई।ट्रक में पीछे की तरफ कुछ निकाला हुआ था, उसके कारण हादसा हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे।

## पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद बंद करे, इंडियन जेन जेड भी यही चाहते हैं

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने उन खबरों पर प्रतिक्रिया दी, जिनमें कहा गया था कि पाकिस्तान के कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और जेन जेड समूहों ने दिल्ली में हुए सीजेपी के छात्र आंदोलन का समर्थन किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी चिंता पाकिस्तान का सीमा पार आतंकवाद है। सीजेपी छात्र आंदोलन के दौरान पाकिस्तान के कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने खुलकर छात्रों का समर्थन किया था। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के साझा इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के युवाओं की परेशानियां और उम्मीदें एक जैसी हैं। इंस्टाग्राम पर करीब 3 लाख फॉलोअर्स वाले पाकिस्तानी इन्फ्लुएंसर बिलाल हसन ने एक वीडियो जारी कर कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच नफरत फैलाई गई है, लेकिन पाकिस्तान के लोग आंदोलन के पोस्टर, नारों और संदेशों को अच्छी तरह समझते हैं।

## स्कूल में पीटी करते समय करंट लगने से 9वीं के स्टूडेंट की मौत

**सूरत।** सरकारी सिस्टम की लापरवाही की वजह से गुजरात के सूरत में 9वीं के एक स्टूडेंट की मौत हो गई। मंगलवार को स्कूल की छत पर बिजली के पाइप से 14 साल के अब्दुल रहमान को करंट का झटका लग गया था। प्रिंसिपल अपनी कार से सिविल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना सूरत के मानदरवाजा इलाके में स्थित सुमन सरकारी स्कूल की है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि मैदान में तीन स्कूलों के बच्चे मिड-डे मील खा रहे थे, इसलिए पीटी करवाने बच्चों के स्कूल की छत पर ले जाया गया था। छत पर लगे बिजपी के पाइप में करंट था, जो अब्दुल की मौत का कारण बन गया। लापरवाही के लिए पीटी टीचर शेख बहाउद्दीन अजीमुद्दीन को बर्खास्त कर दिया गया है।

## राष्ट्रपति मुर्मू 3 अगस्त से ओडिशा दौरे पर, भुवनेश्वर-बरहमपुर ट्रेन से जाएंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 3 से 5 अगस्त तक ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी और भुवनेश्वर से बरहमपुर तक ट्रेन से सफर करेंगी। मानसून के चलते उनकी रेल यात्रा तय की गई है। दौरे में राष्ट्रपति जगद्गुरु कृपालु यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करेंगी, मां कंधुनी देवी पीठ में पूजा करेंगी और वृक्षारोपण अभियान में भी शामिल होंगी। प्रशासन ने सुरक्षा, स्वच्छता और राष्ट्रपति की विशेष ट्रेन यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### सावरकर सेतु पर किसानों का डेरा, अलग-अलग रास्तों से मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने की योजना

# किसान आंदोलन- नर्मदापुरम रोड से लगे स्कूलों में छुट्टी

## भोपाल में किसानों ने सड़कों पर गुजारी रात, आज सीएम हाउस की ओर कूच का दावा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल





सीएम हाउस तक पहुंचने के लिए किसान लगातार रणनीति बना रहे हैं। कड़ी सुरक्षा और पुलिस की घेराबंदी के बीच किसान अलग-अलग रास्तों से मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने की योजना तैयार कर रहे हैं। किसान नेता गजेंद्र सिंह जाट ने कहा कि अगर सरकार हमें इस तरह रोकेगी, तो किसान भी मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने के नए तरीके तलाशेंगे। हम आज हर हाल में सीएम हाउस पहुंचेंगे। हमारी मांगें पूरी की जाएं, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**आज इन-इन जिलों से किसान आएंगे भोपाल-** नर्मदापुरम, हरदा, रायसेन और सीहोर से बड़ी संख्या में किसान आज भोपाल पहुंचेंगे। इसके बाद किसान संगठन आंदोलन की आगे की रणनीति पर फैसला करेंगे। किसानों ने आज मुख्यमंत्री कार्यालय के घेराव का एलान किया है। बुधवार को किसानों को भीड़ जुटाने के लिए कहा गया है। आसपास की कई किसान देर रात अपने घर चले गए थे। दूरदराज क्षेत्र से आए किसान ही वहां पर मौजूद हैं। अभी संख्या काफी कम है, लेकिन दोपहर तक कल से भी ज्यादा संख्या पहुंचने का दावा किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश के किसान सड़कों पर उतर आए हैं। समर्थन मूल्य पर मूंग की पूरी उपज खरीदने समेत आठ मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले किसानों को मंगलवार को होशंगाबाद रोड स्थित सावरकर सेतु पर रोक लिया गया था। इसके बाद किसानों ने यहीं डेरा जमा लिया है। कल रात एक तरफ की रोड पर दाल बाटी बनाना शुरू कर दिए थे तो दूसरी ओर हनुमान चालीसा का पाठ किया। किसान सीएम से मिलने की मांग पर अड़े थे। वहीं,बुधवार को किसान आंदोलन का असर स्कूलों पर भी दिखा। नर्मदापुरम रोड समेत प्रभावित क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों ने बुधवार को बंद रखे परिसर, बच्चों की सुरक्षा और ट्रैफिक जाम को देखते हुए फैसला लिया।

### मूंग खरीदी और ई-टोकन सिस्टम समेत अन्य मांगों को लेकर भोपाल पहुंचे

मूंग खरीदी और ई-टोकन सिस्टम समेत अन्य मांगों को लेकर भोपाल पहुंचे नर्मदापुरम संभाग के करीब दो हजार किसानों सड़क पर रात गुजारी। पुलिस-प्रशासन ने उनको एम्प्री के पास रोक दिया। इससे नए भोपाल की सड़कों पर देर रात तक जाम रहा। आज बुधवार को किसानों का मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच करने का दावा है। किसान नेताओं का कहना है कि वे मुख्यमंत्री निवास के सामने धरना देंगे। भोपाल आए हैं तो खाली हाथ नहीं लौटेंगे। वहीं, एम्प्री के पास वीर सावरकर सेतु से पहले भारी पुलिस बल तैनात है। बता दें, मंगलवार रात नर्मदापुरम रोड पर ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा था। होशंगाबाद रोड, एम्स, बंसल प्लाजा और कटारा हिल्स रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। मंगलवार देर रात प्रशासनिक अधिकारियों और किसानों के बीच एक घंटे तक चर्चा चली। जिसमें कोई नतीजा नहीं निकल सका है। बैठक के बाद किसानों ने साफ कर दिया कि वे बुधवार को मुख्यमंत्री हाउस के घेराव के लिए आगे बढ़ेंगे। किसान आंदोलन के मद्देनजर मुख्यमंत्री निवास की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मुख्यमंत्री निवास और उसके आसपास के पूरे क्षेत्र को बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे में तब्दील कर दिया गया है।

### देशभर में बारिश, गुजरात की फैक्ट्रियों में काम रुका

# मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में रेड अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली



मानसून सबसे एक्टिव फेज में पहुंच गया है। इस वक्त देश के ऊपर दो सिस्टम मौजूद हैं। बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर एरिया आज ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ से होते हुए आगे बढ़ रहा है।

**दो दिन के लिए चारधाम यात्रा रोकी गई**

इसके असर को देखते हुए आईएमडी ने अगले 4-5 दिनों में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से ज्यादा और अगले 5-6 दिनों में पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी दी है। गुजरात में भारी बारिश और बाढ़ से देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनियों में से एक टाटा मोटर्स भी प्रभावित है। कंपनी के साणंद प्लांट और आसपास मौजूद कई सप्लायर की यूनिट पानी भरने के कारण बंद करानी पड़ीं। इधर, उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से तीर्थयात्रा के रास्ते बंद हो गए। खराब मौसम के चलते चारधाम यात्रा 2 दिनों के लिए रोक दी गई है। चंपावत, बागेश्वर और टिहरी में क्लास 1 से 12वीं तक के सभी स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद कर दिए गए हैं। दिल्ली में मंगलवार को भारी बारिश के कारण ट्रैफिक जाम हुआ। बाजारों में घुटनों तक पानी भर गया। सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारों के कारण राजधानी की रफ्तार धीमी पड़ गई।

### गुजरात में टाटा मोटर्स के प्लांट में पानी भरा

भारी बारिश और बाढ़ का असर देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनियों में से एक टाटा मोटर्स पर भी पड़ा है। कंपनी के गुजरात में अहमदाबाद से 22 किमी दूर स्थित साणंद प्लांट और आसपास मौजूद कई सप्लायर की यूनिट में बाढ़ से उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बताया है कि साणंद प्लांट में बनने वाली टियागो हैचबैक, टिगोर कॉम्पैक्ट सेडॉन, नेक्सन और सिएरा एसयूवी के उत्पादन पर असर पड़ा है। प्लांट और सप्लायर इकाइयों में बहाली का काम शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में हालात सामान्य हो जाएंगे।
कंपनी के मुताबिक, बाढ़ के कारण आपूर्ति पर कुछ समय के लिए असर पड़ सकता है। स्थिति जल्द सामान्य होगी। हालांकि, मारुति सुजुकी ने रुकावट की सूचना नहीं दी है। कंपनी का प्लांट साणंद से 85 किमी दूर हंसलपुर-बेचाराजी गांव में है।

### संसद के मानसून सत्र का आठवां दिन

# पेपर लीक संशोधन बिल पर आज लोकसभा में वोटिंग होगी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली



संसद के मानसून सत्र का बुधवार को आठवां दिन है। मंगलवार को लोकसभा में पेपर लीक से जुड़े 'पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पर दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक 9 घंटे चर्चा हुई।

रात 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। आज लोकसभा में बिल पर वोटिंग और राज्यसभा में बिल को पेश कर चर्चा की जाएगी।

विधेयक में 2024 में बने कानून में बदलाव का प्रस्ताव है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा इससे पेपर लीक रोकने में मदद मिलेगी। लोकसभा में मंगलवार को प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्री बनाने पर भी हंगामा हुआ। संसद के बाहर राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने रेपिस्ट की पैरवी करने वाले शख्स को शिक्षा मंत्री बनाया है। यही बात प्रियंका गांधी ने भी लोकसभा में कही, हालांकि उनकी टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया।

### यात्रियों की मांग को देखते हुए

## कटिहार-अमृतसर-कटिहार स्पेशल ट्रेन सेवाएं पांच अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मालीगांव

यात्रियों की निरंतर बढ़ती मांग को पूरा करने, सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, पूर्वोत्तर सीमांतरेलवे (एनएफआर) नेट्रेन संख्या 05736/05735कटिहार-अमृतसर- कटिहार स्पेशल ट्रेन की सेवाओं को दोनों दिशाओं में पांच अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अपने मौजूदा संयोजन, समय-सारणी, ठहराव और अनुरक्षण सूचीके साथ चलती रहेगी, जिससे बिहार, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मार्ग में पड़ने वाले अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी बरकरार रहेगी। 5 अगस्त से 2सितंबर, 2026 तक ट्रेन संख्या 05736 (कटिहार-अमृतसर) स्पेशल, प्रति बुधवार को 21:00 बजे कटिहार से रवाना होगी, जबकि 7 अगस्त से 4 सितंबर, 2026 तक ट्रेन संख्या 05735 (अमृतसर-कटिहार) स्पेशल, प्रति शुक्रवार को 13:25 बजे अमृतसर से रवाना होकर अपने संबंधित गंतव्य तक पहुंचेगी। आवश्यकता पड़ने पर स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू करने और उसके फेरों की वृद्धि कर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए एनएफआर प्रतिबद्ध है। ऐसी पहल न केवल नियमित ट्रेनों पर भीड़-भाड़ कम करने में मदद करती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में यात्रियों के लिए आसान, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा भी सुनिश्चित करती हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले आईआरसीटीसी और एनटीईएस वेबसाइट या एनएफआर केआधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर विस्तृत समय-सारणी और ठहरावों की जांच कर लें।

## सावन में कावड़ यात्रा में हर 15-20किमी में मिलेगा भोजन

### सीएम ने कहा- भगोरिया उत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में सावन के दौरान निकाली जाने वाली कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को हर 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में भोजन प्रसादी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की समीक्षा बैठक में यह निर्देश अफसरों को दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केंद्रों की व्यवस्था भी की जाए। इस व्यवस्था में धार्मिक संस्थाओं से सहयोग और जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा, भगोरिया मध्य प्रदेश का विलक्षण उत्सव है। अगले वर्ष के भगोरिया की तिथियां अभी से जारी कर इसका राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। बताया गया कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने के लिए भी कार्रवाई जारी है।

### होम स्टे को प्रोत्साहित करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार और उनके बेहतर संचालन के लिए पर्यटन विभाग, वन एवं संस्कृति विभाग के साथ समन्वय कर गतिविधियों का संचालन करें। इससे ग्रामीण और वनांचल में स्थित होम स्टे को प्रोत्साहित करने में भी मदद मिलेगी। तय किया जाए कि पर्यटन विकास निगम निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित गतिविधियों के लिए जारी होने वाली अनुमतियों में विलंब नहीं करें। बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, प्रबंध संचालक राज्य पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैयाराजा टी. आदि मौजूद थे।

### उज्जैन में भी कॉलेजों में प्रवेश का बढ़ा उत्साह

## 31 जुलाई तक जारी रहेगी प्रवेश प्रक्रिया

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

प्रदेशभर की तरह उज्जैन जिले के शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में भी इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया को विद्यार्थियों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। उच्च शिक्षा विभाग की नई ई-प्रवेश प्रणाली, समय पर शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया और कॉलेज स्तर पर आयोजित प्रवेश मेलों के कारण जिले के कॉलेजों में भी प्रवेश की रफ्तार तेज रही है। प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक जारी रहेगी, ऐसे में जिले में भी प्रवेश संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है।

उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार इस वर्ष मध्यप्रदेश के सरकारी और निजी महाविद्यालयों में अब तक 4 लाख 89 हजार 169 विद्यार्थियों ने प्रवेश लेकर शुल्क भी जमा कर दिया है। इनमें 3 लाख 38 हजार 148 स्नातक (यूजी), 1 लाख 4 हजार 455 स्नातकोत्तर (पीजी) तथा 46 हजार 566 विद्यार्थी बीएड, एमएड, बीपीएड सहित एनसीटीई से संबद्ध अन्य पाठ्यक्रमों में शामिल हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 73 हजार 514 तथा वर्ष 2023-24 की तुलना में 1 लाख 68 हजार 15 अधिक है।

### ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर निशाना

## अमेरिका-सऊदी ने इराक में हवाई हमले किए

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तेल अवीव



अमेरिका और सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इन ठिकानों से अमेरिकी सैनिकों और सऊदी अरब के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की तैयारी की जा रही थी।

**जवाब में ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं**

हमलों के कुछ घंटे बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि ये मिसाइलें जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर दागी गई थीं, लेकिन सभी को रास्ते में ही इंटरसेप्ट कर दिया गया।

सऊदी अरब ने अपने पूर्वी प्रांत के तेल ठिकानों की ओर बढ़ रहे कई ड्रोन मार गिराए। वहीं, यमन के हुती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक सऊदी तेल टैंकर पर बैलिस्टिक मिसाइल दागने की बात कही। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस एजेंसी ने भी एक टैंकर के पास विस्फोट की सूचना दी है।

व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद नेतन्याहू ने इसे अपनी सबसे अच्छी बैठकों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि दोनों नेता इस बात पर सहमत हैं कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जाएंगे।

## नीट-यूजी पेपर लीक केस- सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। यह चार्जशीट सीबीआई की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने दायर की है। इस मामले की सुनवाई विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट में बुधवार को हो सकती है। सीबीआई ने कहा है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। हाल ही में 47 एनटीए अधिकारियों को बर्खास्त किया गया है। इस मामले में एफआईआर 12 मई को एक सरकारी अधिकारी की शिकायत पर दर्ज की गई थी।



## खबर एक नजर...

### बढ़ाकर दिए जा रहे बिजली बिल कम किये जाए- भाटी

**उज्जैन।** शहर में बिजली विभाग की मनमानी, अघोषित कटौती और बढ़े हुए बिलों के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को बिजली कंपनी मुख्यालय का घेराव किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकताओं ने टॉवर चौक से दोपहिया वाहनों पर रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए सभी कार्यकर्ता मुख्यालय पहुंचे, जहां उनके साथ आए आमजनों ने भी विभाग की लचर कार्यप्रणाली को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। घेराव के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बारिश शुरू होते ही शहर में बिजली की समस्याएं बढ़ गई हैं, विभाग को मानसून से पहले ही इन समस्याओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए था। उन्होंने प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि शहर में अघोषित विद्युत कटौती तत्काल प्रभाव से बंद की जाए। आम उपभोक्ताओं को जो बिजली बिल अनावश्यक रूप से बढ़ाकर दिए जा रहे हैं, उन्हें कम किया जाए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि बिजली कंपनी आम जनता पर झूठे प्रकरण बनाना बंद करे, अन्यथा मजबूर होकर कांग्रेस को उग्र आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

### विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सीखा आपात स्थिति में जान बचाने का कौशल

**उज्जैन।** रोटरी क्लब उज्जैन के तत्वावधान में सोमवार को माधव विज्ञान महाविद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों के लिए निःशुल्क सीपीआर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह जीवन रक्षक प्रशिक्षण भारतीय पुनर्जीवन परिषद और भारतीय एनेस्थीसियोलॉजिस्ट सोसायटी उज्जैन इकाई के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को मेडिकल इमरजेंसी के दौरान जान बचाने की प्राथमिक तकनीक सिखाई गई। कार्यक्रम में रोटेरियन और सहर्ष हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हर्ष मंगल ने अपनी टीम के साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से सीपीआर की प्रक्रिया का विस्तृत डेमोंस्ट्रेशन दिया। उन्होंने उपस्थित छात्राओं और शिक्षकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए आपात स्थिति में इसकी उपयोगिता और महत्व को समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास, प्रोफेसर अनिल पांडेय सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। रोटरी क्लब की ओर से प्रोजेक्ट इंचार्ज रोटेरियन हरिहर शर्मा, डॉ. जागृति शर्मा, पीडीजी रवि प्रकाश लंगर, पीडीजी डॉ. नलिनी लंगर, पूर्व क्लब अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे, अजय भार्गव, शाहिद हाशमी, के.के. पवार और अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय का स्टॉफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

### हरियाली अमावस्या तक निःशुल्क बंटेगे सीड बॉल

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर के पटेल नगर अंकपात मार्ग निवासी पर्यावरण प्रेमी अर्पित गोयल अनंत और उनका परिवार एक सराहनीय पहल करने जा रहा है। गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई से हरियाली अमावस्या 12 अगस्त 2026 तक उनके द्वारा नागरिकों को निःशुल्क बीज और पौधे वितरित किए जाएंगे। यह वितरण अंकपात मार्ग स्थित अनंत के नमकीन से किया जाएगा। अर्पित गोयल ग्रीष्म ऋतु में विभिन्न बीजों का संग्रह करते हैं और बारिश शुरू होते ही उन्हें अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और अन्य पर्यावरण प्रेमियों को वितरित करते हैं। उनके द्वारा मुख्य रूप से तुलसी, बेलपत्र, मीठा नीम, सब्जियों, गुलमोहर, अमलतास, नीम और सुरजना के बीज व पौधे बांटे जाएंगे। ये बीज आसानी से अंकुरित होकर जल्द ही बड़े हो जाते हैं। वे जहां भी पौधरोपण होता है, वहां पौधों के आसपास भी बीज लगा देते हैं।

### अयोग्य महामंडलेश्वरों को पद से हटाए अखाड़ा परिषद

**उज्जैन।** सनातन धर्म की रक्षा और अखाड़ों की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने अखाड़ों के शुद्धिकरण की मांग उठाई है। महासंघ ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महानिवार्णी प्रमुख रविंद्रपुरी को पत्र लिखकर दागी, अयोग्य और गृहस्थ जीवन जी रहे कथाकथित महामंडलेश्वरों को तुरंत पद से हटाने की मांग की है। साथ ही महामंडलेश्वर बनाने की प्रक्रिया में कड़े संशोधन का भी आग्रह किया है। महासंघ के राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि पत्र के माध्यम से अखाड़ा परिषद की नियमावली में बदलाव की मांग की गई है। इसमें प्रमुख रूप से कहा गया है कि संतों में चादर ओढ़ाने की प्रथा समाप्त की जाए, क्योंकि यह सनातन धर्म की नहीं बल्कि मुस्लिम प्रथा है। महासंघ ने मांग की है कि महामंडलेश्वर उसी संत को बनाया जाए जिसे चारों पीठ के शंकराचार्यों और एक लाख सनातन धर्मावलंबियों का समर्थन प्राप्त हो। संतों में त्याग की प्रवृत्ति होनी चाहिए।

# दो दिवसीय 'मैत्री कारवां 2026 में शामिल हुए 100 से अधिक परिवार

## 50 कारों के काफिले का नरवर में हुआ स्वागत, दो दिवसीय आयोजन में रालामंडल में की ट्रैकिंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जैन सोशल ग्रुप मैत्री द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'मैत्री कारवां 2026 और मैत्री विला नाइट आउट' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में 100 से अधिक दंपतियों और उनके परिवारों ने हिस्सा लिया। उज्जैन से 50 कारों का भव्य काफिला इंदौर के लिए रवाना हुआ। इस पारिवारिक आयोजन में सदस्यों ने रिसॉर्ट में ठहरने के साथ ही विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों और ट्रैकिंग का आनंद लिया।

यात्रा की शुरूआत उज्जैन से अल्पाहार और आत्मीय मिलन के साथ हुई। इसके बाद 50 वाहनों का अनुशासित कारवां इंदौर के लिए रवाना हुआ, जिसका ड्रोन शूट भी किया गया। मार्ग में श्री जैन श्वेतांबर संघ नरवर द्वारा ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ काफिले का स्वागत किया गया। रिसॉर्ट पहुंचने पर सभी ने प्राकृतिक वातावरण के बीच विला में विश्राम किया। यहां परिवारों के लिए रोचक गेम्स, महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष गतिविधियां, हास्य-मनोरंजन और डीजे नाइट का आयोजन हुआ। स्विमिंग पूल में भी युवाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। दूसरे दिन सुबह सभी सदस्यों ने रालामंडल के प्राकृतिक जंगलों में ट्रैकिंग कर प्रकृति के सानिध्य का आनंद लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्रुप के अध्यक्ष अशोक कोठारी, संस्थापक अभिषेक सेठिया, सचिव संजय जैन सोनी, टीम मैत्री, विभिन्न समितियों और ग्रुप लीडर्स का विशेष योगदान रहा।

सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और अनुशासन की सराहना की। सदस्यों का कहना था कि अध्यक्ष अशोक कोठारी के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह से सुव्यवस्थित और परिवारों को जोड़ने वाला रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया।

### 84 महादेव दर्शन यात्रा 2 अगस्त से, मुख्यमंत्री दिखाएंगे भगवा ध्वज,

# नानाखेड़ा से निकलेगी पालकी यात्रा, सिंहस्थ के लिए हर श्रद्धालु को मिलेगा बिल्व पत्र का पौधा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और आमजन को इससे जोड़ने के उद्देश्य से पवित्र श्रावण मास में चौथी निशुल्क 84 महादेव दर्शन यात्रा का आगाज 2 अगस्त से होगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे और पालकी का पूजन करेंगे। इस विशाल दर्शन यात्रा में 10 हजार से अधिक मातृशक्तियां सहभागिता करेंगी। आयोजन समिति द्वारा मातृशक्तियों को लाल चुनरी साड़ी और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक श्रद्धालु को बिल्व पत्र का पौधा भेंट किया जाएगा।

आयोजक ललित लुल्ला और शेशांत चंदेरिया ने बताया कि 2 अगस्त को सुबह 8 बजे नानाखेड़ा से पालकी यात्रा शुरू होगी। मुख्यमंत्री द्वारा पूजन के बाद यह यात्रा वेद नगर, सुभाष नगर, सतराम सिंधी कॉलोनी, तिराहा और तीन बत्ती चौराहा होते हुए टावर चौक पहुंचेगी। यात्रा में भजन गायक मनीष तिवारी भजनों की प्रस्तुति देंगे। टावर चौक पहुंचने के बाद श्रद्धालु बसों में बैठकर 84 महादेव दर्शन के लिए रवाना होंगे। यह यात्रा अगस्त माह के प्रत्येक रविवार 2, 9, 16, 23 और 30 अगस्त को आयोजित होगी। टावर चौक पर वॉलंटियर्स पूरे समय भोजन, स्वल्पाहार और अन्य व्यवस्थाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को चातुर्मास में कम से कम 11 पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा। विशेष रूप से दर्शन यात्रा में जाने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को एक-एक बिल्व पत्र का पौधा भेंट कर यात्रा दिवस को ही उनके घर व आसपास रोपण करवाया जाएगा। इसका उद्देश्य सिंहस्थ 2028 आरंभ होने तक शहर को हरियाली से आच्छादित करना है।

संस्था संरक्षक नारायण यादव, प्रेरणा स्रोत महेश परयानी और यात्रा संयोजक वैभव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा में भर्तृहरि गुफा के गादीपति रामनाथ, वाल्मिकी धाम के पीठाधीश्वर व राज्यसभा सदस्य बाल योगी उमेश नाथ, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर शैलेशानंद गिरि और कृष्ण मित्रवृंदा धाम के संस्थापक गिरीश का सानिध्य रहेगा। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल भोपाल के अध्यक्ष ओम जैन, भारतीय जनता पार्टी के नगर जिला उज्जैन अध्यक्ष संजय अग्रवाल और युवा समाजसेवी अभय यादव उपस्थित रहेंगे।

आयोजन को सफल बनाने की अपील हरिसिंह यादव, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कार्य परिषद सदस्य गौरव धाकड़, लोकेश आडवाणी, गोपाल बलवानी, दीपक बेलानी, कपिल बाशानी, अजय रोहरा, नरेश धनवानी, नितिन वासवानी, महेंद्र यादव, महेंद्र कटियार, शैलेश दुबे, अनोखीलाल उनदेरी, चेतन दुबे, अंजू बागोरिया, टीना सिसोदिया, कमला कहार, गायत्री शर्मा, ज्योति खरे, रीना मालवीय, कल्पना सक्सेना, भावना गोठवाल और आरती सिसोदिया ने की है।

### सावन पर रिलीज होगा नया भजन 'देव महादेव'

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पवित्र सावन मास के अवसर पर भगवान महाकाल की आराधना को समर्पित नया भक्ति गीत 'देव महादेव' रिलीज होने जा रहा है। गायक व संगीतकार डॉ. राकेश चावरे द्वारा तैयार यह भजन यूट्यूब सहित दुनिया भर के 150 से अधिक डिजिटल म्यूजिक और ऑडियो प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ जारी किया जाएगा।

डॉ. राकेश चावरे ने बताया कि अपनी प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस सावन के आरंभ में उन्होंने यह सुमधुर भजन श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया है। इस गीत का लेखन, गायन और निर्देशन उन्होंने स्वयं किया है। गीत का संगीत संयोजन दीपेश जैन द्वारा किया गया है। इसमें ताल (रिदम) की जिम्मेदारी बॉलीवुड के वरिष्ठ तालवादक अनूप बोरलिया ने संभाली है। अनूप बोरलिया इससे पहले हिंदी सिनेमा की कई चर्चित फिल्मों में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, रवींद्र जैन और अनु मलिक जैसे दिग्गज संगीतकारों के साथ काम कर चुके हैं। इस भजन की वॉयस रिकॉर्डिंग और म्यूजिक मिक्सिंग इंदौर स्थित डीएमएस स्टूडियो में की गई है। वहीं, इसके वीडियो का आकर्षक फिल्मांकन स्टूडियो नटराज द्वारा उज्जैन की प्राकृतिक लोकेशंस, ऐतिहासिक धरोहर केडी पैलेस और मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तटों पर किया गया है। इस भक्ति गीत के वीडियो में गौरव चावरे और अनन्य चावरे मुख्य भूमिका में अभिनय करते नजर आएंगे। इस संपूर्ण प्रोजेक्ट के निर्माण में सावन कुमार का विशेष सहयोग रहा है।

# अर्जी वाले हनुमान मंदिर में आज से 25 अगस्त तक मनेगा श्रावण महोत्सव

### अर्जी वाले हनुमान जी की भव्य प्रतिमा का निर्माण कार्य अक्टूबर से प्रारंभ होगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल नगरी उज्जैन के मोहनपुरा स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में 29 जुलाई से 25 अगस्त तक श्रावण महोत्सव और गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज के सानिध्य में यह महोत्सव मनेगा। इस आयोजन के दौरान सवा करोड़ थाली सेवा प्रसाद वितरण प्रकल्प का भी शुभारंभ किया जाएगा।

महोत्सव की शुरूआत 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा के आयोजनों के साथ होगी। सुबह 9 बजे से गुरु मंत्र दीक्षा, नामदान और पाद पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से महारुद्राभिषेक और सत्संग प्रवचन का आयोजन रखा गया है। दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी और भंडारा शुरू होगा। महोत्सव के अंतर्गत 17 अगस्त सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर सुबह 8 बजे से विशेष कालसर्प दोष पूजन किया जाएगा। श्रावण मास से अन्नदान के तहत सवा करोड़ थाली सेवा प्रसाद वितरण प्रकल्प शुरू किया जा रहा है। श्रद्धालु अपने परिजनों के नाम पर, जन्मदिन या विवाह वर्षगांठ जैसे अवसरों पर एक या अनेक थाली का संकल्प लेकर इस अनुष्ठान में सहभागी बन सकते हैं। इस सहयोग का उपयोग अन्नदान, संत सेवा, धर्म प्रचार, महाकुंभ व्यवस्था और जनकल्याण कार्यों में किया जाएगा।

#### 81 फीट के अर्जी वाले हनुमान ले रहे आकार



बड़नगर रोड स्थित मंदिर प्रांगण में 81 फीट ऊंची अर्जी वाले हनुमान जी की भव्य प्रतिमा का निर्माण कार्य अक्टूबर से प्रारंभ होगा। इस प्रतिमा को स्वर्ण मुकुट और स्वर्ण गदा धारण कराई जाएगी। आगामी 2028 के उज्जैन महाकुंभ को दृष्टिगत रखते हुए भक्तों के निवास के लिए वातानुकूलित कक्षों का निर्माण भी किया जा रहा है, जिसमें पूर्वजों की स्मृति में कक्ष निर्माण के लिए सहयोग लिया जा रहा है। श्रावण महोत्सव की व्यवस्थाओं का जिम्मा व्यवस्था प्रमुख महंत आदित्य नारायण शर्मा संभाल रहे हैं।

### आरोग्य भारती ने लगाए शिविर, शाम को हुई बैठक में दिया गया कार्य विस्तार का लक्ष्य

# स्वास्थ्य परीक्षण कर बताया स्वस्थ रहने का मंत्र

## ग्रामीण टोली द्वारा आयोजित हुए किसान संगोष्ठी और गर्भ संस्कार सहित कई कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



आरोग्य भारती उज्जैन की ग्रामीण टोली द्वारा ग्राम रुदाहेड़ा में 'अपना ग्राम स्वस्थ ग्राम' अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, गर्भ संस्कार, किसान संगोष्ठी, वृक्षारोपण और स्कूल प्रबोधन जैसे जन-कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके पश्चात शाम को पाटीदार हॉस्पिटल में आरोग्य भारती महानगर और ग्रामीण की संयुक्त बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि ने संगठन के विभिन्न आयामों पर कार्य करने का आह्वान किया।

शिविर में डॉक्टरों की टीम ने 115 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं और ब्लड प्रेशर तथा शुगर की जांच भी की गई। इसके अलावा 'अपना ग्राम अपना स्वास्थ्य' आयाम के प्रमुख भोलानाथ जी ने किसानों की संगोष्ठी में स्वस्थ रहने के लिए योग, प्राणायाम और आसन की जानकारी दी। उन्होंने जैविक खेती के महत्व पर भी प्रकाश डाला। शाम 4 बजे पाटीदार हॉस्पिटल में आरोग्य भारती महानगर और ग्रामीण की बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथियों ने बैठक में सभी सदस्यों को अलग-अलग आयामों पर कार्य करने और ग्रामीण स्तर पर टोली का विस्तार करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मालवा प्रांत के क्षेत्रीय संयोजक भोलानाथ जी, सहसंयोजक डॉ. दिवाकर पटेल, आरोग्य भारती ग्रामीण टोली के अध्यक्ष डॉ. एस.पी. अहिरवार, आरोग्य भारती उज्जैन महानगर के सचिव मनीष अग्रवाल, कार्यक्रम के संयोजक मनोज मीणा, सरपंच धर्म जागरण के प्रमुख दीपक पांडे, ताराचंद मीणा, डॉ. हेमंत रावल महिदपुर, डॉ. रमेश शर्मा, डॉ. मनोहर शर्मा, जगदीश चंद्र भाटी, उमेश चंद भाटी, हाई स्कूल की प्राचार्या वसुंधरा, शिक्षक बालमुकुंद बैरागी, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर रामस्वरी भाकल, डॉ. अयूब अख्तर, आशा कार्यकर्ता साधना मीणा, सुनीता, ललिता, आशा कार्यकर्ता व समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

#### दी गई गर्भ संस्कार की जानकारी

कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार की उर्मिला भदोरिया द्वारा गर्भवती माताओं को गर्भ संस्कार के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने माताओं को गर्भ में शिशु से संवाद करने के तरीके, नॉर्मल डिलीवरी के लिए उपयोगी आसन और योग क्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिशु की 80 प्रतिशत बुद्धि का विकास गर्भ में ही हो जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रांगण में औषधि महत्व के पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि भोलानाथ जी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही ग्राम रुदाहेड़ा के हाई स्कूल में विद्यार्थियों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### पार्श्वनाथ सिटी का मामला, बिल्डर हुआ दिवालिया, परेशान रहवासियों ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

# 50 हजार देने को तैयार फिर भी बिजली कनेक्शन नहीं, बिजली कंपनी पर मनमानी का आरोप लगाया

### अधूरे सबस्टेशन का अटका काम, रहवासी शुल्क देने को तैयार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



पार्श्वनाथ सिटी के लगभग 350 परिवार पिछले कई वर्षों से घरेलू बिजली कनेक्शन से वंचित हैं और अब कॉलोनी में पूरी तरह अंधकार छाने की नौबत आ गई है। रहवासी शासन की योजनाओं के तहत अतिरिक्त राशि देकर कनेक्शन लेने को तैयार हैं, लेकिन पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अड़ियल रवैये के कारण समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इससे परेशान होकर रहवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप कर कनेक्शन दिलाने की गुहार लगाई है।

पार्श्वनाथ सिटी रहवासी सहकारी संस्था मर्यादित के अध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि कॉलोनी में विद्युत सबस्टेशन बनाने का झूठा वादा कर डेवलपर ने सालों तक रहवासियों को बहलाया और अब वह दिवालिया हो गया है। विद्युत व्यवस्था के लिए 8.84 करोड़ की लागत से बनने वाले सबस्टेशन में अब तक मात्र 27 लाख रुपये का ही काम हुआ है। रहवासी विगत दो माह से पुरजोर मांग कर रहे हैं कि इस अधूरे विद्युतीकरण कार्य को राज्य विद्युत नियामक आयोग के सप्लाई कोड 4.4 अथवा राज्य शासन की 'सुगम योजना' के तहत पूरा कराया जाए। इन योजनाओं में निर्धारित 50 हजार रुपये से अधिक का प्रति व्यक्ति शुल्क देने को भी रहवासी तैयार हैं। अध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि पार्श्वनाथ सिटी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विधानसभा क्षेत्र में आती है। यहां के निवासियों के जीवन में अंधकार लाने का षड्यंत्र कर कंपनी एक तरह से मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश कर रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासन व राज्य नियामक आयोग के नियमों की व्याख्या लोक कल्याणकारी दृष्टिकोण से होनी चाहिए। रहवासियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले में शीघ्र निर्णय लेकर सभी को घरेलू विद्युत कनेक्शन प्रदान करवाए जाएं।

#### अधिकारियों पर लगाए मिलीभगत के गंभीर आरोप

रहवासी सोसाइटी का आरोप है कि विद्युत कंपनी के अधिकारी हर योजना में कोई न कोई अड़चन निकालकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। अधिकारी चाहते हैं कि रहवासी स्वयं ठेकेदार तय कर ग्रिड बनवाएं। सोसाइटी ने अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों की वजह से ही वर्ष 2006 से डेवलपर को अस्थाई कमर्शियल कनेक्शन दिए गए, जिससे करोड़ों का बकाया होने दिया गया। अब कंपनी अपनी जिम्मेदारी से मुकर रही है और रहवासियों के हितों को कुचला जा रहा है।

# कुचेरा भैरव मंदिर में आज मनेगा पूर्णिमा उत्सव, होगा अभिषेक पूजन



### विश्व कल्याण के लिए शाम 7 बजे होगी महाआरती

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पीपली नाका स्थित अतिप्राचीन श्री कुचेरा भैरव मंदिर में बुधवार 29 जुलाई को आषाढ़ी (भैरव) पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह बाबा का विशेष अभिषेक किया जाएगा और शाम को आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी।

शासकीय पुजारी श्रीमती दुर्गा मंगल पुजारी ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे भगवान श्री कुचेरा भैरव का विविध जड़ी-बूटियों, फलों के रस और पंचामृत से महाभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के पश्चात दिनभर श्रद्धालु दर्शन व पूजन कर सकेंगे। उत्सव को लेकर मंदिर परिसर में आकर्षक पुष्प और विद्युत सज्जा की जाएगी।

**शाम को बंटेगी महाप्रसादी**

शाम के समय भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात विश्व कल्याण और शांति की कामना के साथ शाम 7 बजे महाआरती होगी और श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजक मंडल के प्रमुख मंगल पुजारी, शिव कुमार पप्पू भैया और पर्वत सिंह चौहान ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महाआरती में सम्मिलित होने और पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

उज्जैन
बुधवार
29
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यत्साङ्ख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
एकं साङ्ख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति॥

**अर्थः** ज्ञान योगियों द्वारा जो परमधाम प्राप्त किया जाता है, कर्मयोगियों द्वारा भी वही प्राप्त किया जाता है। इसलिए जो पुरुष ज्ञानयोग और कर्मयोग को फलरूप में एक देखता है, वही यथार्थ देखता है।

## खबर एक नजर...

### चोरी के शक में दो युवकों की बेरहमी से पिटाई

**इंदौर।** केसरबाग रेलवे ब्रिज के पास दो युवकों की चोरी के शक में बेरहमी से पिटाई का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में दोनों युवकों के हाथ-पैर बांधकर उन्हें सड़क पर पटकते और लोगों द्वारा मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। वायरल वीडियो को गायत्रीनगर क्षेत्र का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों युवक नशे के आदी हैं और एक घर में चोरी की नीयत से घुसे थे। उस समय घर में एक महिला अकेली थी। महिला के शोर मचाने पर दोनों युवक भागकर रेलवे ब्रिज की ओर पहुंचे, जहां लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और जमकर पीट दिया। अन्नपूर्णा थाना प्रभारी हित गोपाल यादव ने बताया कि उनके पास इस तरह की किसी घटना की आधिकारिक शिकायत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि केसरबाग क्षेत्र का कुछ हिस्सा राजेंद्र नगर और कुछ हिस्सा जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में आता है। वायरल वीडियो की जांच कर यह पता लगाया जा रहा है कि घटना किस थाना क्षेत्र की है और इसकी वास्तविक स्थिति क्या है।

### इंदौर में उखड़ी 62 लाख रुपए से बनी सड़क

**इंदौर।** इंदौर की रतलाम कोठी कॉलोनी में 62 लाख रुपए की लागत से नगर निगम द्वारा बनी सड़क कुछ समय बाद ही उखड़ गई। सड़क का सरफेस उखड़ने की शिकायत मिलने पर नगर निगम के जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर मंगलवार को मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सड़क की ऊपरी परत कई जगह से उखड़ती मिली। इसके बाद मौके पर निगम ने मोबाइल टेस्टिंग लैब बुलाकर सड़क के सैंपल लिए और जांच के लिए भेज दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद पंखुड़ी डोशी, निगम के सहायक यंत्री अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी गीतेश तिवारी और बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी मौजूद थे। रहवासियों ने भी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क खराब होने लगी। मौके पर ही संबंधित ठेकेदार सतीश हटकर को बुलाकर जनकार्य प्रभारी ने फटकार लगाई और पूरी सड़क को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार दोबारा बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त से ठेकेदार के खिलाफ ब्लैकलिस्ट करने, भुगतान रोकने, अमानत राशि जब्त करने तथा संबंधित उपयंत्री पर कार्रवाई की अनुशंसा भी की। इसी प्रकार स्कीम नंबर-54 ईएच सेक्टर में पार्षद पूजा पाटीदार की शिकायत पर निरीक्षण किया गया। यहां लगभग 15 लाख रुपए की लागत से बनी सड़क महज दो महीने में ही उखड़ने लगी थी। यहां भी मोबाइल लैब से सैंपल जांच के लिए भेजे गए।

### इंदौर में कॉलेज छात्रों के दो गुट भिड़े, बेसबॉल बैट और पत्थरों से हमला

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक निजी कॉलेज के छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, बेसबॉल बैट और पत्थरों से हमला करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एनएमआईएमएस कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र अक्षत कटारिया ने शिकायत में बताया कि वह कॉलेज के सामने एक दुकान पर चाय पी रहा था। इसी दौरान कॉलेज के छात्र ऋषि भदवार और तनिष्क रघुवंशी वहां पहुंचे और पार्टी करने की बात को लेकर विवाद करने लगे। कहासुनी के बाद दोनों ने उसके साथ मारपीट की, जमीन पर पटक दिया और पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसके दोस्त मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। वहीं दूसरे पक्ष से छात्र पर्व देसाई ने शिकायत दर्ज कराई कि वह कॉलेज के बाहर एक कैफे में दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान अक्षत कटारिया अपने साथियों दिव्यांश कुसुमाकर, अर्पित जाट, इशित गौर, आयुष मित्तल और कार्तिकेय कुसुमाकर के साथ वहां पहुंचा और ऋषि के बारे में पूछताछ करने लगा। जानकारी नहीं देने पर आरोपियों ने बेसबॉल बैट और पत्थरों से हमला कर दिया। पर्व ने आरोप लगाया कि राजेंद्र नगर के पुराने विवाद को लेकर हमला किया गया, जिसमें उसे और ऋषि भदवार को चोटें आईं। घटना के दौरान अन्य छात्र जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग गए। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच जारी है।

### 12.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ धराया बदमाश, 15 मामले पहले से हैं दर्ज

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने 12.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक बदमाश को पकड़ा। उस पर पहले से ही 15 आपराधिक मामले दर्ज है। क्राइम ब्रांच ने घटना में इस्तेमाल एक कार भी जब्त की है। टीम ने टिगरिया बादशाह रोड, टीसीएस चौराहे के पास घेराबंदी की थी। जहां से बदमाश को पकड़ा। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया पकड़ाए बदमाश का नाम अरविंद (37) पिता गोपीलाल सोलंकी निवासी भीमनगर, राजेंद्र नगर है। वह पिछले 15 सालों से ड्राइवर का काम कर रहा है। उस पर 15 आपराधिक मामले दर्ज है। अरविंद के पास से 12.50 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए और एक सफेद रंग की कार जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपए, जब्त की है। सोमवार को क्राइम ब्रांच की टीम गश्त व नजर रख रही थी। इस दौरान सूचना पर टीम ने टिगरिया बादशाह रोड, टीसीएस चौराहे के पास कार सवार को रोका। टीम को देख वह हड़बड़ाने लगा। जब टीम ने तलाशी ली तो उसके पास से 12.50 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। टीम ने उसे गिरफ्तार किया और ब्राउनशुगर व कार जब्त की।

---

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर था बेटा, इधर पिता को हुआ कैंसरः बीमारी छिपाई, चिट्ठी ने बदली जिंदगी

# इंदौर के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन का टीम इंडिया में चयन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



क्रिकेटर बनने का सपना हर खिलाड़ी देखता है, लेकिन इंदौर के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन का टीम इंडिया तक पहुंचने का सफर केवल मेहनत का नहीं, बल्कि भावनाओं, संघर्ष और पिता के हौसले का भी है। जब सारांश का चयन मध्यप्रदेश टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हुआ, उसी दौरान उनके पिता को मुंह के कैंसर का पता चला। परिवार ने पिता की इच्छा पर यह बात सारांश से छिपाए रखी, ताकि उनका ध्यान क्रिकेट से न भटके।

ऑस्ट्रेलिया से लौटने पर जब सारांश ने पिता की बिगड़ी हालत देखी तो वे टूट गए। उन्होंने क्रिकेट मैदान जाना तक छोड़ दिया। बेटे की यह हालत देखकर कैंसर से जूझ रहे पिता ने एक चिट्ठी लिखी, जिसमें कहा- ₹तू जितना अच्छा क्रिकेट खेलेगा, मैं उतनी जल्दी ठीक हो जाऊंगा।

पिता के इन शब्दों ने सारांश को फिर संभाला। उन्होंने खुद को दोबारा क्रिकेट में झोंक दिया और दिन-रात मेहनत शुरू कर दी। उसी संघर्ष और समर्पण का परिणाम है कि अब बीसीसीआई ने श्रीलंका दौरे के लिए घोषित भारतीय टेस्ट टीम में सारांश जैन को भी जगह दी है। इंदौर के इस युवा क्रिकेटर की कहानी आज सिर्फ खेल की सफलता नहीं, बल्कि पिता के विश्वास, परिवार के त्याग और संघर्ष से सपनों को साकार करने की प्रेरणा बन गई है।

**पापा मेरे पहले रोल मॉडल हैंः सारांश-** सारांश ने कहा कि टीम इंडिया में जगह मिलना उनके 26 साल के संघर्ष और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए अलग ही एहसास है। इतने वर्षों की तपस्या का इनाम मिला है।

श्रीलंका दौरे पर संभावित प्लेइंग-11 में जगह मिलने के सवाल पर सारांश ने कहा कि अंतिम फैसला कोच और कप्तान का होगा, लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, यह कोच और कप्तान पर निर्भर करता है, लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं खेलूंगा। मैदान पर अपनी सोच के बारे में सारांश ने कहा कि वह किसी तय फामूर्ले के बजाय मैच की परिस्थितियों के अनुसार खेलना पसंद करते हैं। हर मैच की स्थिति अलग होती है। उसी परिस्थिति को समझकर और उसके मुताबिक क्रिकेट खेलना सबसे जरूरी होता है।

**अश्विन-हरभजन को देखकर सीखा-** अपने क्रिकेट के प्रेरणास्त्रोत के बारे में उन्होंने कहा कि उनके पहले रोल मॉडल उनके पिता हैं। इसके अलावा भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और हरभजन सिंह को देखकर उन्होंने अपने खेल को निखारा। सारांश ने कहा मैंने ऑफ स्पिन गेंदबाजी की काफी बारीकियां अश्विन और हरभजन को देखकर सीखी हैं। परिवार के साथ समय बिताने के सवाल पर सारांश ने कहा कि क्रिकेट की व्यस्तताओं के बावजूद जब भी वह इंदौर आते हैं तो कोशिश रहती है कि ज्यादा से ज्यादा समय परिवार के साथ बिताएं। उन्होंने कहा जब भी मैं इंदौर में रहता हूं, कोशिश करता हूं कि परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिताऊं।

### कैंसर से जूझ रहे पिता ने जताई खुशी

सारांश के चयन पर क्रिकेटर रहे पिता सुबोध जैन की खुशी चेहरे पर नजर आती है। सुबोध भी मध्य प्रदेश के लिए ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते थे। कैंसर की बीमारी के चलते ठीक से बोल नहीं पाते। फिर भी अपने शब्दों को जोड़ते हुए कहते हैं, मुझे याद है शायद साल 2014 की बात है जब मप्र टीम के साथ सारांश को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना था। मुझे कैंसर का पता चला। हमने उससे बात छिपाई। मैं तीन महीने बाद मुंबई से इलाज कराकर लौटा तो हालत खराब थी। वह मुझे देखकर फूट-फूटकर रोने लगा। मैदान भी नहीं जाता था। मुझे लगा कि कहीं मेरी वजह से वह क्रिकेट खेलना न छोड़ दे क्योंकि उसे भारत के लिए खेलते देखना मेरा सपना था। वह कहता था कि पापा आपकी हालत देखकर मेरा मन नहीं होता। फिर मैंने उसे चिट्ठी लिखकर प्रेरित किया। मुझे खुशी है कि उसने मेहनत जारी रखी और आज मेरा सपना पूरा कर रहा है। पिता का सपना था इंडियन टीम में खेलने का, वो चाहते थे कि जर्सी पहनकर मैदान में उतरे, उनके अधूरे सपने को 12 साल बाद बेटे ने पूरा कर दिया।

---

# मांगों को लेकर सड़क पर उतरे कर्मचारी

## मंत्री विजयवर्गीय के घर जाने को निकले, पुलिस ने रास्ते में रोका, समझाइश के बाद मामला शांत





ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को संयुक्त सफाई कर्मचारी कामगार संघर्ष मोर्चा और वाल्मीकि सेना के बैनर तले बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास तक रैली निकालने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें लैंटर्न चौराहे पर बैरिकेड लगाकर रोक दिया।

मंत्री के शहर से बाहर होने की जानकारी मिलने पर प्रदर्शनकारियों ने वहीं रैली समाप्त कर दी।

वाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष राजेश धौलपुरे ने बताया कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कल्याणे पिछले 12 दिनों से रीगल चौराहे पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनका कहना है कि नगर निगम में पिछले 28 वर्षों से कार्यरत अस्थायी सफाई कर्मचारियों को अब तक नियमित नहीं किया गया है। इसी मांग को लेकर वे मंत्री से मिलने जा रहे थे।

निगम से बातचीत बेनतीजा रही

धौलपुरे ने बताया कि नगर निगम के प्रतिनिधियों से चर्चा हुई, लेकिन नियमितीकरण के मुख्य मुद्दे पर सहमति नहीं बन सकी। उन्होंने कहा कि 11 मांगों में से सात बिंदुओं पर सहमति बनी, लेकिन स्थायीकरण के मुद्दे पर स्पष्ट जवाब नहीं मिलने के कारण आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके आंदोलन को विभिन्न राजनीतिक दलों का समर्थन मिल रहा है।

### पुलिस ने अनुमति नहीं होने का हवाला देकर रोका

एडिशनल डीसीपी ओमप्रकाश ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रीगल तिराहे से पैदल मार्च निकाला था। मंत्री निवास तक जाने की अनुमति नहीं होने के कारण उन्हें लैंटर्न चौराहे पर रोककर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मांगों से संबंधित ज्ञापन संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जा रहा है। समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी वापस लौट गए।

---

26 दिन के छात्र आंदोलन का असर

# इंदौर कलेक्टर ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में 26 दिनों तक चले छात्र आंदोलन के बाद जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष हेल्पलाइन शुरू की है। मंगलवार को छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम रोशन राय को 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय ने हेल्पलाइन नंबर 0731-2431117 जारी किया।

प्रशासन ने दावा किया है कि इस नंबर पर मिलने वाली शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के भीतर किया जाएगा।

छात्र प्रतिनिधियों ने बताया कि ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई, सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती, एमपीपीएससी और एमपीईएसबी का नियमित परीक्षा कैलेंडर जारी करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। उन्होंने परीक्षा शुल्क कम करने, नॉर्मलाइजेशन और परसेंटाइल प्रणाली की समीक्षा, नजदीकी परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराने तथा भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध पूरा करने की मांग भी रखी। ज्ञापन में छात्रवृत्ति समय पर जारी करने, छात्रावासों से जुड़े निर्णयों पर पुनर्विचार, बस पास शुल्क वृद्धि वापस लेने, छात्रों को रियायती दर पर एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने, नर्सिंग छात्रों की समस्याओं के समाधान, सिविल जज भर्ती प्रक्रिया में सुधार और कृषि विस्तार अधिकारी परीक्षा में संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सीट आवंटन की मांग भी शामिल रही।

---

दिल्ली की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की कवायद

# एमसीडी की टॉप टीम 2 दिन करेगी स्टडी, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम समझेगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

लगातार देश का सबसे स्वच्छ शहर बनने वाला इंदौर अब राष्ट्रीय स्तर पर शहरी स्वच्छता और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का नॉलेज हब बनता जा रहा है। इसी दिशा में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का एक उच्चस्तरीय प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रतिनिधिमंडल इंदौर पहुंचा है।

दो दिन तक अध्ययन दौरे के दौरान दल इंदौर नगर निगम की अत्याधुनिक कचरा संग्रहण प्रणाली, स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, प्रोसेसिंग प्लांट, कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम तथा वेस्ट मैनेजमेंट के नवाचारों की स्टडी करेगा।

दरअसल, पिछले सप्ताह दिल्ली प्रवास के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के बीच हुई डिटेल बातचीत में इंदौर के स्वच्छता मॉडल और वेस्ट मैनेजमेंट की सफलता प्रमुख विषय रहे, जिसके बाद उपराज्यपाल ने दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों का प्रतिनिधिमंडल इंदौर भेजने का निर्णय लिया, ताकि इस मॉडल का गहराई से स्टडी कर उसे दिल्ली में लागू करने की दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाई जा सके। प्रतिनिधिमंडल में अतिरिक्त आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा (आईएएस), उपायुक्त कनिका (आईएएस), उपायुक्त मोहित बंसल (आईटीएस), मुख्य अभियंता अजय अग्रवाल और अधीक्षण अभियंता एस.डी. तोमर शामिल हैं। दौरे के पहले दिन प्रतिनिधिमंडल ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मुलाकात कर इंदौर मॉडल की अवधारणा, उसके क्रियान्वयन, तकनीकी नवाचारों और व्यवहार परिवर्तन आधारित रणनीतियों पर बात की।

---

5 लाख लोगों के सेग्रीगेसन वाली सेल्फी में शामिल होने का अनुमान

# इंदौर कल बनाएगा स्वच्छता का विश्व रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर अब जनभागीदारी का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय से संचालित सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत नगर निगम अपनी स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए 6 प्रकार के पृथक कचरे के साथ 5 लाख सेग्रीगेसन वाली सेल्फी लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए 30 जुलाई को एकजुट होंगे।

स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सभी 85 वार्डों में लोगों के साथ-साथ सफाई मित्र, घर-घर कचरा संग्रहण वाहन चालक, हेल्पर, स्वच्छता सहयोगी, स्वयंसेवी संस्थाएं, शैक्षणिक संस्थान, व्यापारी संगठन, रहवासी संघ और अन्य हितधारक गीले, सूखे एवं अन्य श्रेणियों में पृथक किए गए कचरे के साथ सेल्फी लेकर अभियान में सहभागिता करेंगे।

सेल्फी की गतिविधियां आयोजित होंगी नगर निगम के सभी घर-घर कचरा संग्रहण वाहनों एवं निर्धारित स्थानों पर भी सेल्फी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वार्ड और जोन स्तर पर नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी सेल्फी अभियान का समन्वय करेंगे और सेल्फियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संकलन किया जाएगा।

इस विश्व रिकॉर्ड प्रयास का उद्देश्य इंदौर की स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण व्यवस्था को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना और यह संदेश देना है कि प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन की शुरूआत प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान और लोगों से होती है। कचरे का सही पृथक्करण ही उसके वैज्ञानिक प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग को संभव बनाता है। महापौर की अपील, कचरे के साथ सेल्फी लें महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, स्वछता प्रभारी अश्विनी शुक्ल, अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने सभी लोगों से अपील की है कि वे 30 जुलाई को अपने घर या प्रतिष्ठान में पृथक किए गए कचरे के साथ सेल्फी लेकर इस ऐतिहासिक अभियान में शामिल हों।

---

परिजनों ने गलत सर्जरी का आरोप लगाया, डॉक्टर बोले- मरीज का गुर्दा पहले से कम काम कर रहा था

# ऑपरेशन के तीन दिन बाद ब्यूटी पार्लर संचालिका की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



खुड़ैल थाना क्षेत्र स्थित नोबल अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के तीन दिन बाद 25 वर्षीय ब्यूटी पार्लर संचालिका पूजा सिसोदिया की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। मंगलवार को पूजा के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दूधिया निवासी पूजा सिसोदिया को 22 जुलाई को पथरी के ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार 23 जुलाई को डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने उनका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद पूजा का यूरिन आना बंद हो गया। इसकी जानकारी डॉक्टर को दी गई, लेकिन उन्हें बताया गया कि स्थिति सामान्य है और जल्द ठीक हो जाएगी।

परिजनों का आरोप है कि तबीयत लगातार बिगड़ने पर 25 जुलाई को पूजा को जूनी इंदौर स्थित एवीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने संक्रमण (इन्फेक्शन) होने की जानकारी दी। अगले दिन 26 जुलाई को उनकी हालत और गंभीर हो गई तथा उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें लेप्रोस्कोपिक (दूरबीन) सर्जरी की जानकारी दी गई थी, जबकि बाद में ओपन सर्जरी किए जाने की बात सामने आई। पूजा का आठ वर्षीय बेटा है। पति से तलाक के बाद वह मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर संचालित कर परिवार का पालन-पोषण कर रही थीं। उनके पिता का भी चार महीने पहले निधन हो चुका है।

मामले में जूनी इंदौर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है। एमवाय अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट करीब एक महीने में आने की संभावना है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ऑपरेशन करने वाले डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हुई। उनके अनुसार पूजा का एक गुर्दा पहले से ही कम कार्य कर रहा था, जिसके कारण बाद में डायलिसिस की आवश्यकता पड़ी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक तकनीक से ही किया गया था, ओपन सर्जरी नहीं की गई।

## मन चंगा तो कठौती में गंगा - संत रविदास जी



भारतीय इतिहास में, संत रविदास (श्री गुरु रविदास जी का जन्म 1377 ईस्वी यानी विक्रमी संवत 1433 में माघ पूर्णिमा पर उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों में से एक, चमार जाति - जिसे जाटव, कुटबंधला अहिरवार भी कहा जाता है - में पिता श्री संतोक दास जी और माता करमा देवी जी के घर हुआ था) ने सामाजिक सुधार के रास्ते के तौर पर भक्ति को चुना। उन्होंने भारत में सदियों से चली आ रही परंपरा, जाति-आधारित व्यवस्था, सामाजिक बहिष्कार और छुआछूत को चुनौती दी। भेदभाव वाली सामाजिक व्यवस्था में भक्ति को केवल उच्च जातियों का विशेषाधिकार माना जाता था, लेकिन जिस बात ने उन्हें अपने समकालीनों से अलग बनाया, वह थी उनकी निचली जाति में पैदाइश और भक्ति का वह अनोखा तरीका जिसे उन्होंने सामाजिक वर्चस्व के विदेशी आक्रांताओं की दमनकारी ढांचे को चुनौती देने के लिए अपनाया।

संत रविदास इसलिए प्रमुख संत बने क्योंकि उन्होंने समाज में सामाजिक विदेशी आक्रांताओं के दमन और छुआछूत की लंबी परंपरा पर सीधा प्रहार किया। हालांकि उनका जन्म और पालन-पोषण उत्तर प्रदेश (उत्तर भारत) में हुआ था, लेकिन संत रविदास पंजाब राज्य के दलितों के बीच बहुत लोकप्रिय हुए; माना जाता है कि राजस्थान की यात्राओं के दौरान वे पंजाब भी गए थे। पंजाब में उनकी लोकप्रियता का एक और कारण सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ 'ग्रंथ साहिब' में उनकी 'बानी' (आध्यात्मिक कविता) को शामिल किया जाना था। उनका कद तब और बढ़ गया जब 'आद धर्म' आंदोलन ने उन्हें अपना संरक्षक संत और राजनीतिक एकजुटता का केंद्र बनाया। निचली जाति के उनके अनुयायी, जो उन्हें गुरु मानते हैं, ने उनके सम्मान में मंदिर, स्मारक हॉल, शिक्षण संस्थान/ सांस्कृतिक संगठन और अस्पताल बनवाए। उन्होंने उनके जीवन और कार्यों के बारे में सही तथ्य स्थापित करने और भारत व विदेशों में उनके करुणा, समानता और भाईचारे के संदेश को फैलाने के लिए कई मिशन शुरू किए

शुरूआत से ही, रविदास या चमार समुदाय को अछूत माना जाता रहा है। आजादी के बाद, भारतीय संविधान के दिशा-निर्देशों के अनुसार कई कानून बनने से इस समुदाय को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक बदलाव हुए है। 'चमार' शब्द 'चमड़ा' से निकला है; उत्तर भारत और दक्षिण के सात राज्यों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है, जैसे आदि-धर्मी, रविदासिया, रामदासिया, जाटव, मुची, चर्मकार आदि। हालाँकि भारतीय समाज से कानूनी तौर पर छुआछूत खत्म कर दी गई है, मृत पशुओं को निष्पादित करना एवं चमड़ा आधारित व्यापार में अपनी भूमिकाएं निर्धारित करने वाला यह समुदाय इस बुराई के कलंक का सामना कर रहा है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, अब 'चमार समुदाय' के इतिहास, उत्पत्ति और सांस्कृतिक विकास पर ध्यान देने का सही समय है।

जिससे सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व को उजागर किया जा सके। सबसे दिलचस्प बात यह है कि संत रविदास जी का जीवन संदेश एक ऐसे आंदोलन की अंदरूनी कहानी होगी जो हाशिए पर होने, अधीनता, उत्पीड़न और जाति व्यवस्था जैसे कई मुद्दों को समाप्त करता है एवं एक मजबूत राष्ट्र निर्माण करने एवं सशक्त भारत बनाने का विचार है । और भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जब कुछ विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग चमारों को गैर हिंदू कारण की प्रक्रिया की ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं, तो इस आंदोलन के अतीत और वर्तमान को सांस्कृतिक बदलाव के एक हिस्से के रूप में समझने के ठोस प्रयास होने चाहिए। इस आंदोलन ने एक लंबा सफर तय किया है -गुरु रामानंद, सिध बालक सिध माधो सिध साधो स्वामी श्रद्धानंद, शहीद क्रांतिकारी उधम सिंह संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, 1940 के दशक में हिंदू धर्म के लिए रविदास, लाल बेगियों और डोमों को एकजुट करना, और हाशिए पर पड़ी दबी-कुचली जातियों की राष्ट्रवादी पहचान दिलाना, राजनीतिक दलों की की उन्हें अपने साथ जोड़ने की योजना, फिर राजनीतिक से अलग होना सक्रिय राजनीति और कांशीराम जी के संगठन का निर्माण और बाद में यूपी में पार्टी के गठन की ओर बढ़ना सरकार तक पहुंचना। तो अब सवाल यह है कि ₹क्या भारत वास्तव में जाति-मुक्त समाज के लिए तैयार है, जबकि सरकार ने इस संबंध में कई कानून बनाए एवं मोदी सरकार ने विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की है विकसित भारत 2047 इन्हीं भारत समरसता युक्त और छुआछूत मुक्त भारत बनने से विकसित भारत 2047 का मार्ग प्रशस्त होगा और भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भी इसका ज़िक्र है?₹ साथ ही, विद्वानों के लिए यह एक दिलचस्प और अकादमिक अध्ययन का विषय भी है, क्योंकि रविदास समुदाय का बंगाल में कलकत्ता, यूपी में आगरा, कानपुर शहर के साथ लंबे समय से सामाजिक जुड़ाव रहा है—वे यहाँ प्रवासी व्यापारी और चमड़े का काम करने वाले कारीगर के तौर पर रहे हैं। लेकिन समय के साथ, उनमें से कई लोगों ने चमड़े के निर्यात बाजार से जुड़कर भारतीय उद्योग जगत एवं अर्थव्यवस्था में योगदान भी दिया है। उनकी सामाजिक स्थिति में आए इस बदलाव से कोई नई उप-जाति तो नहीं बनी, बल्कि वे 'रविदासिया' समुदाय के साथ एक नई पहचान के साथ उभरे है। और यह समुदाय संत रविदास जी के जीवन संदेश को लेकर निरंतर अपने कर्म, शिक्षा, कौशल के योगदान से राष्ट्र और समाज के निर्माण में आज भी अपना योगदान दे रहे हैं ठीक उसी प्रकार

हमारा समाज कई जातियों में बंटा हुआ है। ये जातियां भी कई उप-समूहों में बंटी हुई हैं। लेकिन इस व्यवस्था से कोई स्थायी और सार्थक नतीजा नहीं निकल सकता और न ही समाज एकजुट हो सकता है। यह केले के पेड़ के तने जैसा है; अगर हम इसकी एक-एक परत छीलते जाएं, तो आखिर में कुछ भी ठोस नहीं बचता और पेड़ का अस्तित्व ही खत्म हो जाता है। उस समय समाज में मौजूद बंटवारे के विरोध में उन्होंने लिखा कि एक संस्था के तौर पर जाति ने इंसानियत को कमजोर और विभाजित किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जो चीज इंसानी समाज में दरार पैदा करती है, वह लंबे समय तक टिक नहीं सकती।

संत रविदास जी केवल उपदेश नहीं देते हुए अपने जीवन से धर्म को जीते समय के साथ संत रविदास जी का नाम पूरे भारतवर्ष में श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाने लगा उन्हें अभी कभी धन नहीं मांगा कभी सत्ता नहीं चाहिए कभी किसी को छोटा नहीं समझा उन्होंने केवल प्रेम सामान्य सेवा और भक्ति का संदेश दिया यही कारण था कि उनका जीवन आने वाली अनेक वीडियो के लिए प्रेरणा बन गया आज भी उनके उनकी वाणी करोड़ों लोगों को सत्य सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है रविदास जी के द्वारा कहा गया शब्द मन चंगा तो कठौती में गंगा केवल एक वाक्य नहीं बल्कि जीवन जीने का संदेश बन गया है और इस अमर संदेश के साथ संत शिरोमणि रविदास जी का प्रेरणादायक जीवन आदि अनादि काल तक भारतवर्ष को प्रकाशित और शक्ति प्रदान करता रहेगा। इस गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री गुरुवर संत शिरोमणि रविदास जी के चरणों में कोटि-कोटि वंदन है।

लेखक- डॉ. जगदीश चौहान, प्रदेश मंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मध्य प्रदेश



# किसानों ने सड़कों पर गुजारी रात, नर्मदापुरम रोड से लग स्कूलों में छुट्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। नर्मदापुरम जिले के बरखेड़ा से सोमवार से किसान क्रांति पैदल यात्रा शुरू हुई है। यात्रा मंगलवार शाम ओबेदुल्लागंज, मंडीदीप और 11 मील होते हुए भोपाल पहुंच गई। देर रात तक करीब 2 हजार किसान होशंगाबाद रोड पर डटे रहे।

किसानों का बुधवार को मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच करने का दावा है। किसान मूंग की 100% सरकारी खरीद और खाद वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर भोपाल पहुंचे हैं। किसान नेताओं का कहना है कि वे मुख्यमंत्री निवास के सामने धरना देंगे और मांगें पूरी होने तक वापस नहीं लौटेंगे। इधर, किसानों के मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ने की आशंका को देखते हुए वीर सावरकर सेतु से पहले भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। आंदोलन के चलते नर्मदापुरम रोड पर ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा, जबकि होशंगाबाद रोड, एम्स, बंसल प्लाजा और कटारा हिल्स रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। नर्मदापुरम रोड से लगे कुछ स्कूलों की छुट्टी भी कर दी गई है।



### जीतू पटवारी ने फेसबुक पर सीएम को अहंकारी कहा

किसान आंदोलन को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने फेसबुक पर सीएम को अहंकारी कहा। उन्होंने लिखा- र्मदापुरम के बरखेड़ा से शुरू हुई किसान क्रांति पैदल यात्रा औबेदुल्लागंज, मंडीदीप और 11 मील होते हुए भोपाल पहुंच गई है। पांच हजार से ज्यादा किसान परिवार राजधानी की सड़क पर डटे हैं। किसान आज मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच करेंगे। पांच हजार से ज्यादा किसान परिवार राजधानी की सड़क पर डटे हैं। किसान आज मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच करेंगे।

### किसानों और प्रशासन के बीच वार्ता नाकाम

मंगलवार देर रात प्रशासनिक अधिकारियों और किसानों के बीच एक घंटे तक चर्चा चली। जिसमें कोई नतीजा नहीं निकल सका है। बैठक के बाद किसानों ने साफ कर दिया कि वे बुधवार को मुख्यमंत्री हाउस के घेराव के लिए आगे बढ़ेंगे।

### सीएम हाउस की सुरक्षा बढ़ाई

किसान आंदोलन के मद्देनजर मुख्यमंत्री निवास की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मुख्यमंत्री निवास और उसके आसपास के पूरे क्षेत्र को बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे में तब्दील कर दिया गया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री निवास की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर कई स्तर की बैरिकेडिंग की गई है। रअऋ फ्अऋ और 20 से अधिक थानों के पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। इसके अलावा वाटर कैनन, वज्र वाहन और दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

नर्मदापुरम रोड पर करीब 2 हजार किसान डटे हुए हैं। किसानों का बुधवार को मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच करने का दावा है। किसान नेताओं का कहना है कि वे मुख्यमंत्री निवास के सामने धरना देंगे और मांगें पूरी होने तक वापस नहीं लौटेंगे। फिलहाल कूच की तैयारियां चल रही हैं। किसान बैठे हैं। कई किसान रात में चले गए थे, जो 11 बजे के बाद लौट आएंगे।

# मध्यप्रदेश के पांच जिलों में आज अति भारी बारिश

## 10 जिलों में हैवी रेन अलर्ट; 24 घंटे में 4 इंच से ज्यादा पानी गिरने का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के 5 जिले बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम और रायसेन में बुधवार को अति भारी बारिश का अलर्ट है। अगले 24 घंटे में यहां 4 इंच पानी गिर सकता है, जबकि 10 जिले ऐसे हैं, जहां भारी बारिश का अनुमान है। इनमें देवास, सीहोर, हरदा, बैतूल, पांढुर्णा, सागर, नरसिंहपुर, दमोह, जबलपुर और छतरपुर शामिल हैं।

मौसम एक्सपर्ट शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि प्रदेश के ऊपर से मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम (चक्रवात) गुजर रहा है। वहीं, एक चक्रवात पश्चिमी हिस्से में है। इस वजह से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। ओडिशा, दक्षिण झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए यह आगे बढ़ेगा और मध्य प्रदेश के पूर्वी एवं मध्य भागों में भारी बारिश कराएगा। इसके बाद इसके क्रमशः कमजोर होकर अवदाब और फिर निम्न दाब क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है।

### आज इन जिलों में भी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भोपाल, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, कटनी, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में भी कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होगी।



### कई जिलों में तेज बारिश

इससे पहले मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई। भोपाल में सुबह से कभी धूप, कभी बादल और हल्की बारिश की स्थिति बनी रही। मुरैना में तेज पानी गिरा। रात में भी कई जिलों में मौसम बदला रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अब तक प्रदेश में औसत 13.6 इंच (345.9 मिमी) बारिश हुई है, जबकि 16.5 इंच (418.4 मिमी) पानी गिर जाना था। इस तरह 2.9 इंच यानी, 17 प्रतिशत बारिश कम हुई है। दूसरी ओर, पूर्वी हिस्से में 18 प्रतिशतऔर पश्चिमी हिस्से में 17 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। लगातार बारिश होने से यह तस्वीर सुधर सकती है। मौसम एक्सपर्ट नायक ने बताया कि वर्तमान में एक्टिव सिस्टम का असर 1 अगस्त तक रहेगा। इस दौरान कई जिलों में अति भारी बारिश भी हो सकती है।

# रीवा में कांग्रेस के आदिवासी नेता की चाकू गोदकर हत्या

## तीन हमलावर बाइक छोड़कर फरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रीवा

मध्यप्रदेश के रीवा शहर में मंगलवार रात कांग्रेस नेता और अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित कोल की सरेराह चाकू मारकर हत्या कर दी गई। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शांति विहार स्थित एचडीएफसी बैंक के पास हुई इस वारदात ने पूरे शहर को झकझोर दिया। बताया जा रहा है कि दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने अमित कोल पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला किया। गंभीर रूप से घायल हालत में उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।

पुलिस ने मौके से दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं, जिन्हें आरोपी भागते समय छोड़ गए थे। वारदात के बाद कांग्रेस कार्यकताओं और आदिवासी समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। अमित कोल रीवा कांग्रेस के सक्रिय नेताओं में गिने जाते थे। वह कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष थे और वार्ड क्रमांक-4 से पार्षद पद का चुनाव भी लड़ चुके थे। सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 10 बजे अमित कोल शांति विहार स्थित एचडीएफसी बैंक के पास एक दुकान पर सिगरेट लेने पहुंचे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने बिना किसी बहस या विवाद के सीधे अमित को निशाना बनाया और उन पर लगातार चाकू से वार करने शुरू कर दिए।

# गुरुपूर्णिमा- 12 घंटे में डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुंचे दादा दरबार

## 500 जगह भंडारे, पूरी-सब्जी से लेकर आइसक्रीम तक बंटेगी; खंडवा-सनावद के बीच स्पेशल मेमू ट्रेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खण्डवा

आज (बुधवार) गुरु पूर्णिमा है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के संत-समाधि और गुरु मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। खंडवा के श्री दादाजी धूनीवाले मंदिर में मंगलवार रात 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक डेढ़ लाख भक्तों ने बड़े दादाजी श्री केशवानंद महाराज और छोटे दादाजी श्री हरिहरानंद महाराज की समाधियों के दर्शन किए।

देर रात तक करीब दो लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। शहरभर में 500 से अधिक भंडारों में पूरी-सब्जी, खिचड़ी, मिठाई से लेकर आइसक्रीम तक का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। सुरक्षा के लिए 2 हजार पुलिसकर्मी तैनात हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खंडवा-सनावद के बीच स्पेशल मेमू ट्रेन भी चलाई गई है। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में तड़के मंदिर के पट खुलते ही दर्शन शुरू हो गए। भगवान श्रीकृष्ण और सांदीपनि मुनि का शिप्रा, गंगा और गोमती के जल से अभिषेक कर पंचामृत पूजन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहां कार्यक्रम में शामिल होंगे और 1,250 सीट क्षमता वाले अत्याधुनिक गीता भवन का लोकार्पण करेंगे। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु वंदन और विशेष पूजा-अर्चना की।



# पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का कैंडल मार्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अशोक नगर

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों और छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं के विरोध में बुधवार रात अशोकनगर में कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला। तुलसी पार्क से गांधी पार्क तक निकाले गए इस मार्च में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ठरवक कार्यकर्ता, युवा और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर दिवंगत छात्र-छात्राओं को श्रद्धांजलि दी और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की मांग की। कैंडल मार्च की शुरूआत तुलसी पार्क से हुई, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ठरवककार्यकर्ता और युवा एकत्रित हुए।

# मृतक की भाभी का प्रेमी है मास्टरमाइंड :हत्या करनी थी बंटी की... एक जैसी कद-काठी देख राकेश को मार डाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायसेन

हार्डवेयर व्यापारी राकेश लोधी की हत्या गलत पहचान का नतीजा निकली। हमलावर उसके ममेरे भाई भगवानदास उर्फ बंटी की हत्या करने आए थे, लेकिन घटना वाली रात भगवानदास की बाइक चला रहे राकेश को ही भगवानदास समझ बैठे। अंधेरे में बिना ठीक से पहचाने आरोपियों ने उस पर तलवारों से हमला कर दिया। पुलिस ने धीरेन्द्र उर्फ गोलू पाल , प्रिंसराज गौड़ (25) और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार भगवानदास की शादी करीब छह महीने पहले भोपाल निवासी युवती से हुई थी। शादी से पहले युवती का करोंद निवासी धीरेन्द्र उर्फ गोलू पाल से प्रेम संबंध था। बाद में परिवार की सहमति से युक्ती का विवाह भगवानदास से हो गया। पुलिस का कहना है कि शादी के बाद से गोलू भगवानदास से रंजिश रखने लगा और करीब एक माह पहले उसकी हत्या की साजिश रची। इसके लिए कई दिनों तक रैकी की। आरोपियों को जानकारी थी कि भगवानदास रोज बाइक से आता-जाता है। घटना वाली रात व ही बाइक राकेश चला रहा था। एक जैसी कद-काठी की गफलत में राकेश की हत्या हो गई।

# चिलिंग सेंटरों पर खाद्य विभाग का छापा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मुरैना जिले में दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को पोरसा क्षेत्र में डेयरियों और चिलिंग सेंटरों पर जांच अभियान चलाया गया।

इस दौरान मिश्रित दूध के 6 नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि नमूने अमानक या मिलावटी पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर जिलेभर में दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांचने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल प्रताप सिंह परिहार ने पोरसा क्षेत्र की डेयरियों और दूध संग्रह केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दूध की गुणवत्ता, संग्रहण व्यवस्था और अन्य आवश्यक मानकों की भी जांच की गई। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद यदि किसी नमूने में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित डेयरी संचालक या विक्रेता के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# टाइगर स्टेट में ही टाइगर को बचाना मुश्किल, हो चुकी है 29 बाघों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाया जाएगा, लेकिन देश के सबसे बड़े टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश के लिए यह दिन उत्सव से ज्यादा चिंता का संदेश लेकर आया है। एमपी में सबसे ज्यादा बाघ हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। जंगलों से निकलकर खेतों और गांवों तक पहुंच रहे बाघ लगातार करंट, संघर्ष, बीमारी और मानवीय गतिविधियों का शिकार हो रहे हैं। इसी साल जनवरी से अप्रैल के बीच प्रदेश में 29 बाघों की मौत दर्ज हो चुकी है, जिनमें पांच की मौत बिजली के करंट से हुई। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2025 के बीच देशभर में 1,581 बाघों की मौत दर्ज की गई, जिनमें अकेले 423 मौतें मध्यप्रदेश में हुईं। यानी देश में सबसे अधिक बाघों वाला राज्य होने के साथ-साथ सबसे अधिक टाइगर मॉर्टेलिटी भी मध्यप्रदेश में ही दर्ज की गई है।



विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों का सिकुड़ता दायरा, मानव-बाघ संघर्ष, अवैध करंट, प्राकृतिक कारण और आपसी संघर्ष बाघों की मौत के प्रमुख कारण बन रहे हैं। ऐसे में विश्व बाघ दिवस पर संरक्षण की योजनाओं के साथ जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जरूरत पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है।

### चार महीनों में 29 मौतें, पांच की करंट से जान गई

वन विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक 1 जनवरी से 29 अप्रैल 2026 के बीच प्रदेश में 29 बाघों की मौत हुई। इनमें 5 मौतें बिजली के करंट से हुईं। एक मामले में शिकार की पुष्टि हुई, जबकि बाकी मामलों में आपसी संघर्ष, बीमारी, कुएं में गिरना और दूसरे प्राकृतिक कारण सामने आए। करंट से हुई मौतें मंडला, शहडोल, उमरिया और सिवनी वन क्षेत्रों में दर्ज हुईं। आंकड़े बताते हैं कि 2012 से 2025 के बीच देशभर में 1,581 बाघों की मौते दर्ज हुई। इनमें 423 मौतें अकेले मध्यप्रदेश में हुई। बाघों की सबसे ज्यादा मौतें प्राकृतिक कारणों, खासकर आपसी संघर्ष (टेरिटोरियल फाइट) में होती हैं। लेकिन इंसानों से जुड़े कारणों में बिजली का करंट सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है। 2025 में 8 बाघ करंट से मरे, जबकि 2026 के पहले चार महीनों में ही 5 मौतें इसी वजह से हो चुकी हैं। इसके अलावा ट्रेन दुर्घटना, सड़क हादसे और शिकार के मामले भी सामने आए हैं।

### देश में 2023, मध्य प्रदेश में 2025 सबसे घातक साल

एनटीसीए के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में पूरे देश में सबसे ज्यादा 182 बाघों की मौत दर्ज हुई। इसके बाद 2024 और 2025 में मौतों का आंकड़ा 2023 से कम रहा। वहीं मध्य प्रदेश में 2025 में सबसे ज्यादा 55 बाघों की मौत दर्ज हुई। इससे पहले 2023 में 45 और 2024 में 47 बाघों की मौत हुई थी। जबकि 2026 के पहले चार महीनों (जनवरीझअप्रैल) में ही मध्यप्रदेश में 29 बाघों की मौत हो चुकी है। यानी औसतन हर चार दिन में एक बाघ की जान गई।

### हर दूसरी मौत जंगल के बाहर

पहले माना जाता था कि बाघ जंगल के भीतर ज्यादा सुरक्षित हैं, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। एनटीसीए के मुताबिक 2012 से अब तक 52.5 प्रतिशत मौतें टाइगर रिजर्व के अंदर और 47.5 प्रतिशत मौतें रिजर्व के बाहर हुई हैं। इतना ही नहीं, बाघों की खाल और शरीर के अंगों की 80.7 प्रतिशत बरामदगी भी रिजर्व के बाहर हुई। राष्ट्रीय आंकड़े बताते हैं कि जनवरी बाघों के लिए सबसे घातक महीना रहा। इस महीने 190 टाइगर मॉर्टेलिटी रिकॉर्ड दर्ज हुए। इसके बाद दिसंबर और मई में 165-165, अप्रैल में 148, फरवरी में 145 और मार्च में 138 मामले सामने आए। विशेषज्ञों का मानना है कि सर्दियों में बाघों की आवाजाही और क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने से मौतों की संख्या भी बढ़ जाती है। एनटीसीए के 2012 से 2025 के आंकड़ों के मुताबिक 53.9% नर और 46.1% मादा बाघों की मौत हुई है। यानी इस अवधि में मादा बाघों की तुलना में नर बाघों की मौत अधिक दर्ज की गई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने लिखा कि केवल बाघों की संख्या बढ़ाना ही संरक्षण नहीं है।




# मेलबर्न में तिरंगा लहराएंगी रेखा

**एवरग्रीन** रेखा भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी, जहां उन्हें खास सम्मान से नवाजा जाएगा. भारतीय सिनेमा में उनके असाधारण योगदान को देखते हुए उनकी कल्ट फिल्म 'उमराव जान' का प्रदर्शन भी इस महोत्सव में किया जाएगा. रेखा ने 'सिलसिला', 'खूबसूरत', 'इजाजत', 'घर', 'खून भरी मांग', 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी' और 'कोई... मिल गया' समेत सैकड़ों फिल्मों के जरिए भारतीय सिनेमा में अपनी अमिट पहचान बनाई है. मुजफ्फर अली के निर्देशन में बनी 'उमराव जान' रेखा के करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है. इसी साल इस फिल्म की रिलीज के 45 वर्ष पूरे हुए हैं.

'उमराव जान' कभी मुझसे दूर नहीं हुई. वह मेरी यादों, मेरी खामोशियों और उन लोगों के दिलों में बसती है, जिन्होंने वर्षों से उसे बहुत प्यार और अपनापन दिया है. उस सफर को फिर से याद करना और इस फिल्म को वैश्विक मंच पर सम्मानित होते देखना मेरे लिए बेहद भावुक कर देने वाला अनुभव है.

**- रेखा**

**रेखा 15 अगस्त को मेलबर्न में भारतीय समुदाय, ऑस्ट्रेलिया के गणमान्य व्यक्तियों, फिल्मकारों, कलाकारों और सिनेमा प्रेमियों के साथ तिरंगा ध्वज फहराएंगी. भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) का आयोजन 13 से 23 अगस्त तक किया जाएगा.**

# नहीं रहे देव आनंद के इकलौत बेटे सुनील...




**हिंदी** सिनेमा के सदाबहार अभिनेता रहे देव आनंद के इकलौते बेटे सुनील आनंद का निधन हो गया है. उनकी उम्र लगभग 70 वर्ष थी. सुनील को लंदन में दिल का दौरा पड़ने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने सोमवार सुबह अंतिम सांस ली. उनकी मृत्यु से फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई है. गौरतलब है कि जिस अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली, वहीं पर साल 2011 में देव आनंद का भी निधन हुआ था. प्रसिद्ध लेखिका अनिता पड्डा ने सुनील के निधन की पुष्टि की. उन्होंने बताया कि देव आनंद के निधन के बाद सुनील लंदन में बस गए थे और अकेले रह रहे थे. अनिता ने सुनील आनंद पर 'ए कन्वर्जेंस ऑफ सॉलिट्यूड्स' नाम की किताब भी लिखी है.

## 1984 में किया था बॉलीवुड डेब्यू




सुनील आनंद ने अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की थी. इसके बाद उन्होंने पिता की तरह फिल्मों में करियर बनाने का फैसला किया. उन्होंने 1984 में फिल्म 'आनंद और आनंद' से बॉलीवुड में कदम रखा. इस फिल्म में उनके साथ नताशा सिन्हा, राखी, स्मिता पाटिल, राज बब्बर, बिस्वजीत चटर्जी और खुद देव आनंद ने भी काम किया था. देव आनंद इसके निर्माता और निर्देशक भी थे. हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही. इसके बाद सुनील ने 'कार थीफ' और मीनाक्षी शेषाद्रि के साथ रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'मैं तेरे लिए' में काम किया. 'मास्टर' में उन्होंने आखिरी बार एक्टिंग की और निर्देशन डेब्यू भी किया था, लेकिन सुनील को अपने पिता जैसी सफलता नहीं मिल सकी.

## दिग्गज कलाकारों से भरा परिवार




सुनील आनंद, देव आनंद और अभिनेत्री कल्पना कार्तिक के बेटे थे. उनके चाचा चेतन आनंद और विजय आनंद भी हिंदी सिनेमा के जाने-माने नाम रहे हैं. उनके रिश्तेदारों में निर्देशक केतन आनंद, विवेक आनंद, अभिनेता-निर्देशक शेखर कपूर, नीलू और अरुणा जैसे नाम शामिल हैं. नीलू की शादी एक्टर नवीन निश्चल से हुई थी, जबकि अरुणा की शादी दिग्गज एक्टर बलराज साहनी के बेटे परीक्षित साहनी से हुई थी. साल 2011 में देव आनंद के निधन के बाद सुनील ने होम प्रोडक्शन हाउस 'नवकेतन फिल्म्स' की जिम्मेदारी संभाली थी.

# ब्रह्म मुहूर्त में रिलीज होगा फिल्म रामायण का ट्रेलर


नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही बहुचर्चित फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने इसके ट्रेलर रिलीज के समय का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। फिल्म का ट्रेलर 30 जुलाई को भारतीय समयानुसार तड़के 4:15 बजे दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा।


मेकर्स ने इस खास समय को हिंदू परंपरा के अनुसार पवित्र माने जाने वाले ब्रह्म मुहूर्त के साथ जोड़कर चुना है। मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करके लिखा कि हम शुभ ब्रह्म मुहूर्त में अपने ट्रेलर के साथ रामायण की नई भोर का स्वागत करते हैं। ब्रह्म मुहूर्त के खास समय पर होगा ग्लोबल रिलीज

फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर कर यह घोषणा की। हिंदू धर्म में सुबह के 4 से 5 बजे के बीच के समय को ब्रह्म मुहूर्त माना जाता है, जिसे किसी भी नए काम की शुरूआत के लिए बेहद शुभ कहा गया है। मेकर्स का मानना है कि भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े महाकाव्य पर आधारित इस फिल्म के ट्रेलर की शुरूआत के लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था। फिल्म के इस ट्रेलर को एक साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया जाएगा।

फिल्म 'रामायण' में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के बड़े कलाकार एक साथ नजर आने वाले हैं। रणबीर कपूर फिल्म में भगवान राम की भूमिका में हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। साउथ सुपरस्टार यश इस फिल्म में रावण के रोल में दिखेंगे। इसके अलावा सनी देओल हनुमान की भूमिका में हैं, जबकि रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अरुण गोविल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय और कुणाल कपूर भी अहम भूमिकाओं में शामिल हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ





# 4 महीने में ही टूट रही दूसरी शादी





**रैपर** बादशाह ने बीते मार्च में ही पंजाबी एक्ट्रेस ईशा रिखी के साथ गुपचुप दूसरी शादी की थी. अब लगभग चार महीने बाद ही इस शादी के टूटने की सुगबुगाहट सुनने को मिल रही है. पिछले कुछ समय से इस रिश्ते में कड़वाहट की खबरों के बीच अब ईशा ने सोशल मीडिया पर एक ऐसी पोस्ट शेयर की है, जिसे पढ़कर लोग हैरान हैं. ईशा ने लिखा है, "कुछ लड़ाइयां ऐसी होती हैं जिनके बारे में कभी किसी को पता नहीं चलता. लंबे समय से मैं चुप रही, क्योंकि मुझे डर था. मैं अपने पति की पॉवर, कॉन्टैक्ट और रसूख से इतनी डर गई थी कि मुझे लगा कि चुप रहना ही ठीक है. लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मैंने सबकुछ स्वीकार कर लिया. यह तो सर्वाइवल का तरीका था. पर, आज मैं डर के आगे हिम्मत को चुन रही हूं. मैं भले ही पूरी कहानी सुनाने के लिए अभी तैयार नहीं हूं लेकिन फाइनली मैं ये दिखावा करना बंद करने के लिए तैयार हूं कि सब कुछ ठीक है." इस पोस्ट से तलाक की अफवाहें उड़ रही हैं, लेकिन बादशाह ने रिएक्शन नहीं दिया है.



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं,
आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...



**बाएं से दाएं**

1. पेड़, दरख्त-2
3. प्रार्थना, पूजना-4
6. आदर्श, पैमाना-3
8. त्वचा, चमड़ी, खाल-2
10. सड़ने की प्रक्रिया, गलन-3
12. देव, देवता-2
13. चलने का ढंग-2
14. प्रशंसा, गुणगान-3
16. आरामदायक-5
17. कक्ष, रूम-3
19. हिंदू कैलेंडर का एक महीना, भाद्रवा-2
20. 500 कागजों की गड्डी-2
21. कबाड़, खराब वस्तु-3
24. मजा, मस्ती-2
26. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28. शोरगुल-4
29. तह, परत-2


**ऊपर से नीचे**

2. माफी-2
3. झूठी शान, घमंड-3
4. गर्दन से नीचे का शरीर, देह-2
5. अपराध, गुनाह-2
7. रग, नाड़ी-2
8. सूत कातने का यंत्र-3
9. एकाएक-4
11. शीश झुकाए हुए-5
12. भोर, प्रात:-3
15. ननद का पति-4
16. विश्राम, राहत-3
18. रोगी, बीमार-3
22. उच्चतम-3
23. गरबा, नृत्य-2
24. मृत्यु-2
25. रास्ता, मार्ग-2
27. आनंदित, मौजी-2

## वर्ग पहेली



## माथा पच्ची



**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'वाद' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

नाजीवाद, परिवाद, अनुवाद, निर्विवाद, मायावाद, अभिवाद, आतंकवाद, मार्क्सवाद, मवाद, आस्वाद

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | 5 |
| 3 | 32 | 6 | 36 | 2 | 30 | 1 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |
| 5 | 33 | 1 | 29 | 4 | 30 | |
| | 6 | 5 | 4 | | 3 | 2 |
| 2 | 30 | | 32 | 3 | 31 | 7 |
| 1 | 2 | | 7 | 5 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


**माथा पच्ची का हल**



**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 5 | 29 | 1 | 33 | 4 | 37 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू नवताल-

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, बुधवार, 29 जुलाई 2026



## जापान में 6.8 तीव्रता का भूकंप, शॉपिंग मॉल गिरा:50 से ज्यादा लोग फंसे

जापान के दक्षिणी कुमामोटो प्रांत में मंगलवार को 6.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। तेज झटकों के बाद काशिमा शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढह गई, जिससे 50 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक कई लोग घायल हुए हैं।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 4:27 बजे आया। इसका केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन करीब एक घंटे बाद इसे वापस ले लिया गया। भूकंप के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर क्यूशू द्वीप के 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में जाने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय प्रसारक ठलड की तस्वीरों में कई सड़कों और पुलों में दरारें, इमारतों में आग और अन्य नुकसान दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है, जबकि प्रभावित इलाकों में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। साल 2011 में 9.1 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आई सुनामी से फुकुशिमा दाइची परमाणु संयंत्र के तीन रिएक्टरों में गंभीर हादसा हुआ था। इसके बाद से जापान में हर बड़े भूकंप के दौरान परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा पर खास नजर रखी जाती है।

## यौन अपराधी एपस्टीन की करोड़ों की संपत्ति किसे मिलेगी

दुनिया के सबसे कुख्यात यौन अपराधियों में शामिल जेफ्री एपस्टीन की मौत को सात साल हो चुके हैं, लेकिन उसकी अरबों रुपए की संपत्ति को लेकर विवाद अब भी जारी है। अमेरिकी जांच एजेंसियों के नए दस्तावेजों से पता चला है कि बेलारूस की 37 वर्षीय डेंटिस्ट कारिना शुलियाक उसकी संपत्ति की सबसे बड़ी दावेदार हो सकती हैं। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन ने अपनी वसीयत में कारिना के नाम करीब 959 करोड़ रुपए की संपत्ति और 33 कैरेट की हीरे की अंगूठी छोड़ी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, कारिना शुलियाक एपस्टीन की गर्लफ्रेंड थीं। 10 अगस्त 2019 को न्यूयॉर्क की जेल में आत्महत्या से पहले एपस्टीन ने आखिरी फोन कॉल भी उन्हें ही किया था। जेफ्री एपस्टीन की 2019 में मौत के बाद डॉ. कारिना शुलियाक लोगों की नजरों से दूर रहकर सामान्य जिंदगी जी रही थीं। हालांकि, यह ज्यादा समय तक नहीं चल सका। जनवरी के आखिर में अमेरिकी न्याय विभाग ने एपस्टीन से जुड़े करीब 30 लाख पन्नों के दस्तावेज, ईमेल और रिकॉर्ड जारी किए। इनमें डॉ. कारिना शुलियाक और एपस्टीन के बीच हुए हजारों निजी ईमेल और दोनों की साथ में ली गई कई तस्वीरें भी शामिल हैं।

## कनाडा में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर फायरिंग

कनाडा के टोरंटो में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर सोमवार सुबह फायरिंग हुई। राहत की बात यह रही कि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, गोली लगने से दूतावास की इमारत के बाहरी हिस्से को नुकसान पहुंचा है। पुलिस को मौके से एक कारतूस का खोल मिला है। अधिकारियों के मुताबिक, फायरिंग के तुरंत बाद एक सफेद सेडान कार तेज रफ्तार से वहां से निकलती दिखी। पुलिस ने पीछा भी किया, लेकिन कार की रफ्तार ज्यादा होने और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए पीछा बीच में ही रोकना पड़ा। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह इस मामले में कनाडा की एजेंसियों के संपर्क में है। वहीं, ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि हमले के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें जल्द पकड़कर सख्त सजा दिलाई जाएगी।

## सिएटल फूड फेस्टिवल में गोलीबारी: संदिग्ध हिरासत में

अमेरिका के सिएटल सेंटर में रविवार को हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने 15 साल के एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। इस घटना में 3 लोगों की मौत हुई, जबकि 4 लोग घायल हुए। घायलों में 2 साल का बच्चा भी शामिल है, जिसकी हालत सोमवार को संतोषजनक बताई गई। पुलिस के मुताबिक, शुरूआती जांच में कम से कम 3 हमलावरों के शामिल होने की बात सामने आई है। इनमें 15 साल का नाबालिग, उसका 19 वर्षीय परिचित, जिसकी घटनास्थल पर मौत हो गई।



देहरादून के टोंस नदी पर बने नवनिर्मित पुल का एप्रोच मार्ग मंगलवार को भारी बारिश के चलते ढह गया. टूटे पुल को देखते हुए लोग.

# देहरादून में नंदा की चौकी का 16 करोड़ का नया पुल धंसा: पहली बारिश में दिखी खामी

### पहली ही बड़ी बारिश में पुल में भारी धंसाव हुआ, निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल, प्रशासन ने जांच शुरू की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून

देहरादून-पांवटा साहिब के पुराने राजमार्ग पर नंदा की चौकी स्थित टौंस नदी का पुनर्निर्मित मुख्य पुल भी अब सुरक्षित नहीं रह गया है। करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस पुल में भारी धंसाव हो गया है। हैरानी की बात यह है कि पुल को यातायात के लिए शुरू हुए अभी कुछ ही दिन हुए थे और पहली बड़ी बारिश में ही इसमें गंभीर क्षति सामने आ गई।

इससे पहले 11 जुलाई की रात टौंस नदी के तेज बहाव में ह्यूम पाइप डालकर बनाई गई अस्थाई पुलिया धंस गई थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने तेजी से अंतिम कार्य पूरे कर 12 जुलाई से पुनर्निर्मित मुख्य पुल पर वाहनों का संचालन शुरू करा दिया था। अब उसी नए पुल में धंसाव होने से एक बार फिर इस मार्ग की सुरक्षा और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।



### करीब 10 महीने तक बनी रही थी अस्थाई पुलिया

15 सितंबर 2025 की मध्यरात्रि को नंदा की चौकी का पुराना मुख्य पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल की एबटमेंट वॉल और एक स्लैब टूटने के बाद लोक निर्माण विभाग ने ह्यूम पाइप डालकर अस्थाई पुलिया बनाई, जिसने करीब 10 महीने तक पुराने राजमार्ग पर यातायात की जिम्मेदारी संभाली। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पुल पहली ही बड़ी बारिश नहीं झेल पाया, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### 11 जुलाई की रात धंसी थी अस्थाई पुलिया, 12 जुलाई से नए पुल पर शुरू हुआ था यातायात

इसके बाद मार्च 2026 में लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से मुख्य पुल के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया गया। निर्माण पूरा होने के बाद 11 जुलाई की रात अस्थाई पुलिया धंस गई और 12 जुलाई से नए पुल पर यातायात शुरू कर दिया गया।

**पहली बारिश में ही सामने आई बड़ी खामी-** अब नई बारिश के दौरान पुनर्निर्मित पुल में भारी धंसाव होने से आवागमन प्रभावित हो गया है। प्रशासन और लोक निर्माण विभाग ने मौके का निरीक्षण शुरू कर दिया है। पुल में धंसाव के कारणों की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

### अमेरिका-सऊदी ने इराक में हवाई हमले किए

# ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर निशाना, जवाब में बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सऊदी अरब

अमेरिका और सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इन ठिकानों से अमेरिकी सैनिकों और सऊदी अरब के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की तैयारी की जा रही थी।

हमलों के कुछ घंटे बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि ये मिसाइलें जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर दागी गई थीं, लेकिन सभी को रास्ते में ही इंटरसेप्ट कर दिया गया। सऊदी अरब ने अपने पूर्वी प्रांत के तेल ठिकानों की ओर बढ़ रहे कई ड्रोन मार गिराए। वहीं, यमन के हुती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक सऊदी तेल टैंकर पर बैलिस्टिक मिसाइल दागने की बात कही। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस एजेंसी ने भी एक टैंकर के पास विस्फोट की सूचना दी है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि अमेरिकी और सऊदी अरब की सेनाओं ने इराक में ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ संयुक्त सटीक हमले किए हैं। इन समूहों ने क्क्र्छ के निर्देश पर अमेरिकी बलों और सऊदी अरब के ऊर्जा ढांचे पर हमले किए थे। बयान में कहा कि अमेरिका और सऊदी अरब के लड़ाकू विमानों ने पूर्वी इराक में कई आतंकी लॉजिस्टिक्स और हथियार ठिकानों को निशाना बनाया। उसके मुताबिक, यह कार्रवाई पिछले 72 घंटों में क्क्र्छ के निर्देश पर किए गए 30 से अधिक ड्रोन हमलों के जवाब में की गई।

## नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह को भारत का न्योता

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन को आधिकारिक यात्रा का न्योता भेजा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में प्रेस ब्रीफिंग में इसकी पुष्टि की है। जायसवाल ने कहा कि यह निमंत्रण दोनों पड़ोसी देशों के बीच लगातार जारी राजनयिक संपर्क का हिस्सा है। हालांकि, भारत सरकार ने अभी तक यात्रा की तारीख या एजेंडे की जानकारी साझा नहीं की है। वहीं, नेपाल सरकार की ओर से भी अभी यह नहीं बताया गया है कि प्रधानमंत्री शाह भारत की यात्रा कब करेंगे।

### छात्र आंदोलन को पाकिस्तानी समर्थन के दावे पर भारत बोला

# पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद बंद करे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

भारत सरकार ने मंगलवार को उन खबरों पर प्रतिक्रिया दी, जिनमें कहा गया था कि पाकिस्तान के कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और त्र्ील्ले समूहों ने दिल्ली में हुए उखढ के छात्र आंदोलन का समर्थन किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी चिंता पाकिस्तान का सीमा पार आतंकवाद है। उखढ छात्र आंदोलन के दौरान पाकिस्तान के कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने खुलकर छात्रों का समर्थन किया था। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के साझा इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के युवाओं की परेशानियां और उम्मीदें एक जैसी हैं।

इंस्टाग्राम पर करीब 3 लाख फॉलोअर्स वाले पाकिस्तानी इन्फ्लुएंसर बिलाल हसन ने एक वीडियो जारी कर कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच नफरत फैलाई गई है, लेकिन पाकिस्तान के लोग आंदोलन के पोस्टर, नारों और संदेशों को अच्छी तरह समझते हैं।

उन्होंने कहा, हम खुद को इस आंदोलन में देखते हैं। आखिर हम एक बंटे हुए परिवार के बच्चे हैं।

बिलाल ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को बहादुर बताया और कहा कि वे अपने देश का बेहतर भविष्य चाहते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे एकजुट रहें और कोई भी जोखिम सोच-समझकर उठाएं। समर्थन सिर्फ बयानों तक सीमित नहीं रहा। कई पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर्स ने आंदोलन पर मीम्स और वीडियो भी बनाए। कुछ ने मजाक में कहा कि उन्हें जंतर-मंतर पहुंचने से सिर्फ भारत-पाकिस्तान की सीमा रोक रही है। वहीं, कुछ लोगों ने पाकिस्तानी पासपोर्ट के साथ प्रदर्शन में पहुंचने की कल्पना वाले वीडियो बनाए।

# हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को चीन से मिला 6,000 करोड़ का फंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में यूनिवर्सिटीज को मिलने वाली विदेशी फंडिंग पर सवालों के बीच नया खुलासा हुआ है। इससे यूनिवर्सिटीज और ट्रम्प प्रशासन के बीच टकराव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। शिक्षा विभाग के पोर्टल के मुताबिक, हार्वर्ड को विदेशी स्रोतों से रिकॉर्ड 43,100 करोड़ रु. मिले हैं, जो देश में सबसे ज्यादा है। इसमें से छह हजार करोड़ चीन से आए हैं।

अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर विदेशी नागरिकों और पैसे पर अत्यधिक निर्भरता का आरोप लग रहा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौते की बात कही जा रही है। ट्रम्प प्रशासन से जांच शुरू करने की मांग उठी है। यह विवाद सिर्फ हार्वर्ड तक सीमित नहीं है। अमेरिका के वॉच-लिस्ट में शामिल शीर्ष पांच चीनी कंपनियों ने देश के अलग-अलग कॉलेजों को करीब 1,140 करोड़ रु. दिए हैं। इन्हें भी राडार पर लेकर जांच हो सकती है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आ रहा विदेशी पैसा सिर्फ दान नहीं, बल्कि रणनीतिक घुसपैठ का जरिया बन चुका है। यूनिवर्सिटी लैब्स में विदेशी फंड के जरिए गोपनीय रिसर्च और डेटा चुराए जाने की आशंका जताई जा रही है। आरोप हैं कि चीनी सेना से जुड़ी संस्थाएं फंडिंग देकर अमेरिकी तकनीक का इस्तेमाल अपने हथियारों को तैयार करने में कर सकती हैं।

### लगातार ड्रोन और मिसाइलों से अटैक हो रहे

# यूक्रेन में जहाज के पास हमले में 13 भारतीय फंस, 15 क्रू मेंबर सवार थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव

यूक्रेन में चोनोमोर्स्क बंदरगाह पर जहाज के पास हमले में 13 भारतीय फंस गए हैं। ह्यएमवी अमीर 1ह्न नाम का जहाज लगातार हो रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों के बीच फंस गया है। इसके बाद इंडियन सीमेन यूनियन ने इस मामले में तुरंत मदद की अपील की है।

यूनियन के मुताबिक, जहाज पर कुल 15 क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें 13 भारतीय नाविक शामिल हैं। जहाज बेहद खतरनाक हालात में फंसा हुआ है। उसके आसपास लगातार ड्रोन और मिसाइल हमलों की कोशिश हो रही है, जिससे चालक दल के सदस्य हर पल सीधे हमले की आशंका में जी रहे हैं। यूनियन ने भारत सरकार, जहाज के मालिक, फ्लैग स्टेट और सभी संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि नाविकों की सुरक्षा तुरंत सुनिश्चित की जाए और उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित भारत वापस लाया जाए। यूनियन ने कहा कि भारतीय नाविकों को युद्ध वाले इलाके में निशाना बनने के लिए नहीं छोड़ा जाना चाहिए और इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए।

## 11 दिनों में 4 बड़े हादसे
## 5 भारतीय नाविकों की मौत




**18 जुलाई** — जहाज एमवी ओमोर्फी पर हमला
आरोप: यूक्रेन पर | लोकेशन: ब्लैक सी | मौत: 1 भारतीय नाविक



**19 जुलाई** — एमवी गोल्डन लियो पर हमला
आरोप: रूस पर | लोकेशन: ओडेसा पोर्ट | मौत: 4 भारतीय नाविक



**25 जुलाई** — एमवी गोल्डन लियो पर हमला
आरोप: रूस पर | लोकेशन: ओडेसा पोर्ट | लापता: 2 भारतीय सवार



**28 जुलाई** — एमवी अमीर 1 के पास हमले
लोकेशन: चोर्नोमोर्स्क पोर्ट | फंसे: 13 भारतीय नाविक

### ब्लैक सी में बढ़ता तनाव, कारोबार पर असर

यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी और सी ऑफ एजोव में सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। इससे कारोबारी जहाजों और अनाज के निर्यात पर खतरा बढ़ गया है। 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद ब्लैक सी दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री इलाकों में शामिल हो गया। कुछ अंतरराष्ट्रीय समझौतों से अनाज का निर्यात फिर शुरू हुआ था,

# ट्रम्प से मुलाकात पर नेतन्याहू बोले:यह हमारी सबसे अच्छी बैठकों में से एक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्हाइट हाउस में करीब 90 मिनट तक बैठक हुई। इसके बाद नेतन्याहू व्हाइट हाउस से रवाना हो गए।

बैठक के बाद नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान जारी किया। उन्होंने कहा- ट्रम्प के साथ उनकी मुलाकात अब तक की सबसे अच्छी बातचीत में से एक रही। यह पूरी तरह सहयोग, आपसी समर्थन और साझा समझ वाली बैठक थी। हमारा साझा लक्ष्य है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न करे। इसके अलावा भी कई अन्य मुद्दों पर बातचीत हुई। इजराइल की सुरक्षा और भविष्य से जुड़े अहम मुद्दों पर भी समन्वय किया। वहीं, इससे पहले ट्रम्प यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी मिले। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ हुई बैठक में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम के इंटरसेप्टर के उत्पादन का लाइसेंस देने और कई अन्य अहम प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

जेलेंस्की ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच कूटनीतिक प्रयासों को फिर से तेज करने पर भी बात हुई। साथ ही, आगे की बातचीत और संपर्क को लेकर दोनों देशों की टीमें आपसी समन्वय करेंगी। ईरान के कानूनी और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि तेहरान होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए कोई भी कदम उठाने पर विचार करेगा।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति से मुलाकात में एयर डिफेंस पर अहम चर्चा हुई



उन्होंने कहा कि इसमें युद्ध फिर से शुरू करने का विकल्प भी शामिल हो सकता है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि ईरानी जहाज पर यूक्रेन का हमला अनजाने में हुआ और यूक्रेन तनाव बढ़ाना नहीं चाहता।

### ट्रम्प से मुलाकात पर नेतन्याहू बोले- यह हमारी सबसे अच्छी बैठकों में से एक

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मंगलवार (28 जुलाई) को हुई उनकी मुलाकात अब तक की सबसे अच्छी बातचीत में से एक रही। नेतन्याहू के मुताबिक, दोनों नेताओं ने ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देने के साझा लक्ष्य पर पूरी सहमति जताई। यह जानकारी नेतन्याहू के बयान के आधार पर सामने आई है। व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान जारी किया। उन्होंने कहा, ३यह पूरी तरह सहयोग, आपसी समर्थन और साझा समझ वाली बैठक थी। हमारा साझा लक्ष्य है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न करे।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 29 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः।
अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः॥

**भावार्थ** : सर्वव्यापी परमेश्वर भी न किसी के पाप कर्म को और न किसी के शुभकर्म को ही ग्रहण करता है, किन्तु अज्ञान द्वारा ज्ञान ढँका हुआ है, उसी से सब अज्ञानी मनुष्य मोहित हो रहे हैं।

## साइबरविशेषज्ञाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् प्रमुखेषु साइबर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

यद्यपि एषा राशिः पूर्णं 21.05 कोटिरूप्यकाणां गठनं न करोति-अनुसन्धानस्य समये विभिन्नलेखानां मध्ये जमेन केवलं अंशं प्रतिनिधियति-तथापि पीडिते आर्थिकराहतं प्रदातुं महत्त्वपूर्णं कदमम् इति मन्यते। साइबरविशेषज्ञाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् प्रमुखेषु साइबर-अपराधेषु अपराधिनः बहुधा बहु-राज्यानां, विविध-बैङ्क-खातानां च उपयोगं कुर्वन्ति। धोखाधड़ीं कृतं धनं विविधलेखेषु द्रुतगत्या स्थानान्तरितं भवति तथा च 'खच्चर'खातानां माध्यमेन निष्कासितम् अस्ति, येन अन्वेषणसंस्थानां कृते अभियुक्तस्य अन्वेषणं कृत्वा सम्पूर्णराशिं पुनः प्राप्तुं प्रमुखा आव्हानं भवति।

न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते॥

**भावार्थ** : परमेश्वर मनुष्यों के न तो कर्तापन की, न कर्मों की और न कर्मफल के संयोग की रचना करते हैं, किन्तु स्वभाव ही बर्त रहा है।

## सम्पादकीयम्

### पालनपोषणं संवेदनशीलतां

सामान्यरूपेण स्वीकुर्वन्ति। अन्तर्राष्ट्रीयस्तरस्य विश्व-आर्थिक-मञ्चस्य लैङ्गिक-अन्तर-प्रतिवेदने बहुवारं दृश्यते यत् आर्थिक-प्रगतेः अभावेऽपि मानसिकतायाः अन्तरं तावत् शीघ्रं न निमीलति। भारतस्य श्रेणीयां प्रतिवर्षं किञ्चित् उतार-चढावः भवति, तथापि तथ्यं वर्तते यत् समानतायाः अवधारणा अद्यापि वास्तविकव्यवहारे न अनुवादिता । एतत् एव अन्तरं यत् ३७० रुप्यकाणां बियार्णीं 'हास्यं'रूपेण परिणमयति। एषः विषयः केवलं भारते एव सीमितः नास्ति। यूके-देशे अद्यतनघटनायां एकः युवकः एकस्याः महिलायाः कृते तिथिपश्चात् बिलं प्रेषितवान् यतः सा द्वितीयं बिलम् अङ्गीकृतवती। केषुचित् लोकप्रियेषु अमेरिकन-पोड्कास्ट्-मध्ये महिलाः मुक्ततया पृष्टाः भवन्ति यत् यदि वयं भवन्तं रात्रिभोजार्थं बहिः नेष्यामः तर्हि भवन्तः प्रतिफलरूपेण किं दास्यन्ति? जगत् परिवर्तितम्, भाषा च विकसिता, परन्तु व्यवहारस्य मानसिकता तथैव वर्तते-अधुना एव सा अधिकं पालिशितम्, प्रायः आङ्गलभाषायां वेष्टितम्। परन्तु कस्मिन् अपि समाजे भेदः तदा आरभ्यते यदा बाल्यकाले कश्चन हस्तक्षेपं करोति-यदा मातापितरः किमपि हास्यं न, अपितु अपमानं इति सूचयन्ति; यदा स्त्रियाः उपहासः हास्यस्य अपेक्षया असुविधां जनयति। एतत् प्रारम्भिकहस्तक्षेपं विना ते एव बालकाः तादृशकथाः पुनः कथयितुं वर्धन्ते।

मध्यप्रदेशस्य इन्दौरनगरस्य कमलानेहरूप्राणिविज्ञानसङ्ग्रहालयः आगामिषु षड्मासेषु

# इन्दौर-चिडियाघरस्य उदयः उत्साहः एकशृङ्गः गैण्डयुगलः 'सतीशः' हिप्पो च नवीनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

मध्यप्रदेशस्य इन्दौरनगरस्य कमलानेहरूप्राणिविज्ञानसङ्ग्रहालयः आगामिषु षड्मासेषु नवीनपरिचयेन वन्यजीवप्रेमिणां कृते अधिकं आकर्षकः भविष्यति। केन्द्रीयचिडियाघरप्राधिकरणस्य पशुविनिमयकार्यक्रमस्य अन्तर्गतं अनेकदुर्लभवन्यजीवजातीनां विदेशीयपक्षिणां च परिचयस्य सज्जता अन्तिमपदं प्राप्तवती अस्ति। अत्यन्तं उल्लेखनीयं यत् मध्यप्रदेशस्य चिडियाघरस्य एकशृङ्गस्य गैण्डानां युगलं प्रथमवारं दृश्यते। तदतिरिक्तं 'सतीश' इति नामकः नीलगायः कानपुरतः इन्दौरपर्यन्तं ७०० किलोमीटं दूरं गमिष्यति, तत्र पूर्वमेव निवसन्त्याः महिला-नीगस्य 'डिम्पी' इत्यस्य नूतनः सहचरः भविष्यति एतेषां नूतनानां प्रजातीनां आगमनस्य पार्श्वे आधुनिकं १४-डी-नाट्यगृहमपि प्रारब्धं भवति, यत्र आगन्तुकानां कृते वन्यजीवसंरक्षणविषये जागरूकतां जनयति च एकं नवीनं मनोरञ्जन-अनुभवं प्राप्यते।

कमलानेहरू प्राणिविज्ञानसङ्ग्रहालयः राज्यस्य प्रमुखपर्यटन-वन्यजीव-आकर्षणस्थानेषु अन्यतमः अस्ति, यत्र प्रतिवर्षं बहुसंख्याकाः पर्यटकाः, छात्राः, वन्यजीव-उत्साहिणः च आकर्षयन्ति चिडियाघरस्य प्रबन्धनम् अस्य सुविधायाः आधुनिकीकरणाय, समृद्धाय च निरन्तरं कार्यं कुर्वन् अस्ति। अस्य प्रयासस्य भागरूपेण केन्द्रीयचिडियाघरप्राधिकरणस्य पशुविनिमययोजनायाः अन्तर्गतं विभिन्नचिडियाघराणाम् मध्ये वन्यजीवानां आदानप्रदानं क्रियते। योजनायाः उद्देश्यं वन्यजीवसंरक्षणं प्रजननकार्यक्रमं च प्रवर्तयितुं तथा च विभिन्नेषु चिडियाघरेषु



जैवविविधतां वर्धयितुं वर्तते।

प्रबन्धनस्य अनुसारं प्रस्तावितायाः योजनायाः अन्तर्गतं एकशृङ्गस्य गैण्डानां युगलं इन्दौरनगरं आनयिष्यते। मध्यप्रदेशस्य कस्यापि चिडियाघरस्य आगन्तुकानां कृते प्रथमवारं एतत् दुर्लभं विशालं च पशुं द्रष्टुं अवसरः भविष्यति। भारतीयः एकशृङ्गः गैण्डः विश्वस्य महत्त्वपूर्णेषु संरक्षितवन्यजीवजातेषु अन्यतमः इति मन्यते, तस्य उपस्थितिः च चिडियाघरस्य आकर्षणं बहु वर्धयति गैण्डानां आवश्यकतानुसारं वातावरणं सुनिश्चित्य विशेषपरिवेष्टनानि, सुरक्षाव्यवस्थाः, प्राकृतिकनिवासस्थानानि च सज्जीकृतानि सन्ति। अस्याः उपक्रमस्य अन्तर्गतं सम्प्रति इन्दौर-चिडियाघरस्य महिला-नगगस्य 'डिम्पी' इत्यस्याः नूतनः सहचरः प्राप्तुं निश्चितः अस्ति। आगामिमासे कानपुरतः 'सतीश' इति नामकं पुरुषं नीलगायम् आनयिष्यते। प्रायः ७०० किलोमीटं यावर्त दीर्घयात्रायां तस्य सुरक्षायाः स्वास्थ्यस्य च विषये विशेषसावधानी भविष्यति। तापस्य तनावस्य च प्रभावं न्यूनीकर्तुं सम्पूर्णयात्रायां जलस्य निरन्तरं सिञ्चनं भविष्यति; अस्य कृते २०,००० लीटरपर्यन्तं जलस्य उपयोगः भविष्यति। पशुचिकित्सकानाम्, विशेषज्ञानाञ्च दलं तस्य स्थितिं निरीक्षितुं सम्पूर्णयात्रायां तस्य सह गमिष्यति। पशुविनिमयकार्यक्रमस्य भागत्वेन प्रतिदानरूपेण इन्दौरतः सिंहः अन्यचिडियाघरं प्रेषितः भविष्यति।

चिडियाघरस्य प्रबन्धनस्य मतं यत् पुरुष-मादा-निलगस्य एकत्र आवासेन भविष्ये प्रजननस्य सम्भावना वर्धते। डिम्पी २०२७ तमे वर्षे ग्वालियरतः इन्दौरनगरम् आनीता, परन्तु पुरुषसमकक्षस्य अभावात् अधुना यावत् परिवारस्य विस्तारः कर्तुं न शक्तवान्। सतीशस्य आगमनानन्तरं आगामिषु वर्षेषु चिडियाघरस्य नीलगायस्य जनसंख्या वर्धते इति विशेषज्ञाः आशान्ति।

भारतीयपारीयाः कृते ठोस

# आधारं प्रदत्तवन्तौ यत्र ९४ रनस्य भव्यं साझेदारी अभवत्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

तदनन्तरं ईशानकिशनः तिलकवर्मा च भारतीयपारीयाः कृते ठोस आधारं प्रदत्तवन्तौ, यत्र ९४ रनस्य भव्यं साझेदारी अभवत्। इशान किशनः ४४ कन्दुकयोः ८१ रनस्य स्कोरं कृतवान्, एषा पारी नवचतुष्टयद्वयं च षट्कं च कृतवान्। इदानीं तिलकवर्मा अन्त्यपर्यन्तं अपराजितः स्थित्वा द्रुतगत्या गोलं कृतवान्, भारतं २०० रनस्य निशानं अतिक्रान्तं कर्तुं महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति स्म। जिम्बाब्वे-देशस्य गेन्दबाजाः द्वयोः क्रीडकयोः आक्रामक-बल्लेबाजी-प्रदर्शनस्य विरुद्धं सम्पूर्णे मेलने संघर्षं कृतवन्तः।

जिम्बाब्वे-क्लबस्य कृते ब्लेसिङ्ग मुजाराबानी चतुर्षु ओवरेषु ३६ रनस्य कृते एकं विकेटं प्राप्तवान्, न्यूमैन् न्याम्हुरी त्रिषु ओवरेषु २५ रनस्य कृते एकं विकेटं गृहीतवान्। परन्तु भारतीयबल्लेबाजानां आक्रामकबल्लेबाजीकारणात् मेजबानदलस्य गेन्दबाजाः दबावे दृश्यन्ते स्म, तेषां धावनस्य दरं नियन्त्रयितुं असफलाः अभवन्। तिलक वर्मा विगतकेषु वर्षेषु भारतीयदलस्य कृते निरन्तरं प्रभावशालिनः प्रदर्शनं कृतवान् अस्ति। मध्यमक्रमे तस्य आक्रामकः बल्लेबाजी, दबावेन उत्तरदायित्वं स्कन्धे ग्रहीतुं क्षमता, शीघ्रं धावनानि प्राप्तुं कौशलं च दलप्रबन्धनस्य विश्वसनीयः खिलाडी अभवत उपकप्तानस्य भूमिकां न्यस्तः अपि सः स्वस्य प्रदर्शने स्थिरतां धारयति। क्रिकेट्-विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् तिलकवर्मा यस्मिन् गतिना धावनं करोति तत् दृष्ट्वा भविष्ये भारतस्य सर्वोत्तम-टी-२० बल्लेबाजानां पङ्क्तौ सः अधिकं उन्नतुं शक्नोति। तस्य आयुः, तकनीकः, आक्रामकः बल्लेबाजीशैली च भारतीयदलस्य कृते दीर्घकालं यावत् बहुमूल्यं सम्पत्तिः सिद्धं भवितुम् अर्हति।

## राशिफल

**मेष** : आज विकास से भरे अवसरों का दिन है। आप रिश्तों में क्लैरिटी पाएंगे, चाहे वे रोमांटिक हों या नहीं।

**वृषभ** : निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने, नए अवसरों को सामने लाने, विभिन्न क्षेत्रों में विकास और संतुष्टि लाने के बारे में है।

**मिथुन** : आज आर्थिक रूप से, फ्यूचर में स्टेबिलिटी के लिए सावधानी के साथ योजना बनाना महत्वपूर्ण है।

**कर्क** : जीवन के पहलुओं में संतुलन बनाने का मौका है। अवसरों को बेहतर स्थिति में होंगे, जो विकास की ओर ले जा सकते हैं।

**सिंह** : आज आर्थिक रूप से, आज सतर्क रहने की आवश्यकता है। नए प्रोजेक्ट्स या जिम्मेदारियां सामने आ सकती हैं।

**कन्या** : कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन संभावनाओं से भरा हुआ है। प्यार में, आप गहरे संबंध पाएंगे।

**तुला** : आज के दिन बदलाव के लिए तैयार रहें। आपका दृढ़ संकल्प आपको दिन का भरपूर लाभ उठाने में मदद करेगा।

**वृश्चिक** : आज गहरे संबंधों को बढ़ावा देने के लिए प्रियजनों और सहकर्मियों के साथ संवाद बनाए रखें। अपने धन के प्रति सचेत रहें।

**धनु** : आज का दिन पर्सनल और पेशेवर दोनों ही तरह से आपके क्षितिज का विस्तार करने का है।

**मकर** : तनाव या छोटी-मोटी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज न करें। दिन को पॉजिटिव बदलाव के साथ अपनाएं।

**कुंभ** : अपने प्रेम जीवन में सुखद पलों की तलाश करें। ऐसे महत्वपूर्ण काम करें, जिनमें स्किल्स की जरूरत हो।

**मीन** : आज सेहत के लिहाज से, अपने शरीर की सुनें। संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

## ज्योतिष/वास्तु

# इन 4 राशियों के लिए अगले 30 दिन रहेंगे चुनौतीपूर्ण, बढ़ सकती हैं आर्थिक परेशानियां

वैदिक ज्योतिष के अनुसार ग्रहों की चाल समय-समय पर सभी 12 राशियों के जीवन को प्रभावित करती है। आने वाले 30 दिनों तक सूर्य और राहु से बनने वाले षडाष्टक योग का प्रभाव कुछ राशियों के लिए चुनौतीपूर्ण रह सकता है।

वैदिक ज्योतिष में ग्रहों के गोचर का विशेष महत्व माना गया है, क्योंकि इनकी बदलती चाल सभी 12 राशियों के जीवन पर शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के प्रभाव डालती है। सूर्य देव के कर्क राशि में प्रवेश के बाद राहु के साथ षडाष्टक योग का निर्माण हुआ है, जिसे ज्योतिष शास्त्र में चुनौतीपूर्ण योगों में गिना जाता है। माना जाता है कि इस योग के प्रभाव से कुछ राशियों को अगले कुछ समय तक करियर, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में इन राशियों के जातकों को धैर्य, संयम और सोच-समझकर निर्णय लेने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं किन राशियों पर इस योग का सबसे अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

**वृषभ राशि–** सूर्य और राहु के मध्य बन रहा यह षडाष्टक योग वृषभ राशि के जातकों के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण सिद्ध हो सकता है। ज्योतिष के अनुसार इस दौरान आपके स्वभाव में अस्थिरता और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है, जिसके कारण आपको अपनी वाणी पर विशेष संयम रखने की आवश्यकता है। कठोर, उतावले अथवा असंतुलित शब्द न केवल आपके पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में कटुता ला सकते हैं बल्कि आपके बने-बनाए कार्यों को भी बिगाड़ सकते हैं। कार्यस्थल पर भी बोलने से पहले सोच-समझकर ही अपनी बात रखें अन्यथा गलतफहमी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके अतिरिक्त इस अवधि में धन संबंधी मामलों में भी अत्यंत सतर्कता बरतना आवश्यक है। षडाष्टक योग के प्रभाव से अनावश्यक खर्च बढ़ने की संभावना बनी हुई है, जिससे आपका आर्थिक संतुलन बिगड़ सकता है। इस दौरान कहीं भी नया निवेश करने से पूर्व भलीभांति सोच-विचार कर लें और किसी विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लें अन्यथा आर्थिक हानि की संभावना बन सकती है। साझेदारी में किए जाने वाले व्यापारिक निर्णयों को भी इस अवधि में टालना उचित रहेगा, क्योंकि विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह षडाष्टक योग स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रतिकूल फल दे सकता है। ज्योतिष के अनुसार इस अवधि में विशेष रूप से पेट से संबंधित समस्याएं, जैसे अपच, गैस अथवा एसिडिटी उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। इसलिए अपने खान-पान का विशेष ख्याल रखें, अधिक तैलीय अथवा मसालेदार भोजन से परहेज करें। समय पर भोजन करने की आदत डालें। इसके साथ ही नियमित योग एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना भी लाभकारी सिद्ध हो सकता है, जिससे शारीरिक ऊर्जा बनी रहे। इसके अतिरिक्त इस दौरान कोई अप्रत्याशित खर्च आपकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। आपका पूरा बजट बिगड़ सकता है और मुश्किलें बढ़ सकती हैं। घर की मरम्मत, चिकित्सा संबंधी व्यय अथवा किसी पारिवारिक आवश्यकता के चलते धन का अप्रत्याशित प्रवाह हो सकता है। ऐसे में अनावश्यक व्यय से बचना उचित रहेगा और अपने मासिक बजट की पहले से योजना बनाकर चलना लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवधि में किसी को उधार देने से पूर्व भी सावधानी बरतें, क्योंकि धन वापसी में विलंब हो सकता है।

**तुला राशि–** तुला राशि के नौकरीपेशा जातकों को इस अवधि में कार्यस्थल पर तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। बढ़ते कार्यभार, समय-सीमा के दबाव अथवा वरिष्ठों की अपेक्षाओं के कारण मानसिक दबाव बढ़ने की पूरी संभावना है। कुछ जातकों को अपने कार्यक्षेत्र में अनावश्यक प्रतिस्पर्धा अथवा राजनीति का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे समय में अपने कार्यों को व्यवस्थित रूप से प्रबंधित करना अत्यंत आवश्यक होगा। कार्यों को प्राथमिकता के अनुसार सूचीबद्ध करें और एक-एक करके पूर्ण करने का प्रयास करें, इससे मानसिक दबाव कुछ हद तक कम हो सकता है। साथ ही सहकर्मियों अथवा वरिष्ठों के साथ किसी भी प्रकार के विवाद अथवा वाद-विवाद से बचने का पूरा प्रयास करें, क्योंकि इससे स्थिति और अधिक जटिल हो सकती है और आपकी छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस अवधि में महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पूर्व शांत मन से विचार अवश्य करें तथा जल्दबाजी में कोई भी बड़ा कदम उठाने से बचें। व्यापार से जुड़े जातकों को भी नए साझेदारों के साथ करार करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि के जातकों पर भी यह षडाष्टक योग अशुभ प्रभाव डाल सकता है, क्योंकि राहु स्वयं इसी राशि में गोचर कर रहा है। इस दौरान मानसिक अशांति और असंतोष की भावना बनी रह सकती है, जिसके कारण छोटी-छोटी बातों पर भी तनाव उत्पन्न हो सकता है। कुछ जातकों को अकारण चिंता, नींद में कमी अथवा एकाग्रता की कमी का सामना भी करना पड़ सकता है। पारिवारिक जीवन में भी इस दौरान गलतफहमियां उत्पन्न होने की संभावना है इसलिए अपनों से संवाद बनाए रखना आवश्यक है। ज्योतिषाचार्यों की सलाह है कि इस अवधि में किसी से वाद-विवाद अथवा झगड़े में उलझने से पूर्णतः बचें चाहे वह पारिवारिक हो, सामाजिक हो अथवा व्यावसायिक, अन्यथा आपके महत्वपूर्ण कार्य बिगड़ सकते हैं और संबंधों में दरार भी आ सकती है। इस दौरान धैर्य और संयम बनाए रखना ही सबसे बड़ी बुद्धिमानी होगी।

गुलवीर ने 10000 मीटर दौड़, हरजिंदर ने वेटलिफ्टिंग में सिल्वर जीते, बॉक्सिंग में 3 पदक पक्के

# कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड के साथ भारत के 12 मेडल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्लासगो

भारतीय खिलाड़ियों ने ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के 5वें दिन 2 सिल्वर मेडल हासिल किए। मंगलवार देर रात लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर की रेस में दूसरा स्थान हासिल किया। वे इस इवेंट में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बने।

इससे पहले हरजिंदर कौर ने कुल 227 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर जीता। वहीं, भारत के 3 मुक्केबाजों ने भी अपनी-अपनी वेट कैटेगरी के मैच जीतकर मेडल पक्के कर लिए हैं। तीनों सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

गुलवीर के सिल्वर के बाद मेडल टैली में भारत दो गोल्ड समेत 12 पदकों के साथ 9वें नंबर पर पहुंच गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 35 गोल्ड लेकर कुल 80 मेडल के साथ टॉप पर है।




### सेना में भर्ती के लिए दौड़ना शुरू किया, अब देश के लिए मेडल जीत रहे

27 साल के गुलवीर सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के सिरसा गांव के रहने वाले हैं और भारतीय सेना में नायब सूबेदार हैं। उन्होंने सेना में भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ना शुरू किया था। 2018 में ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट में शामिल होने के बाद उन्होंने एथलेटिक्स को गंभीरता से अपनाया। रेस के अंतिम लैप की शुरुआत में गुलवीर चौथे स्थान पर थे, लेकिन शानदार वापसी करते हुए सिल्वर मेडल जीत लिया। गुलवीर ने इंटरनेशनल स्तर पर पहली बड़ी सफलता 2023 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 5,000 मीटर इवेंट का ब्रॉन्ज मेडल जीतकर हासिल की। इसके बाद 2022 एशियन गेम्स में 10,000 मीटर का ब्रॉन्ज जीता। 2025 में दक्षिण कोरिया के गुमी में हुई एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 5,000 और 10,000 मीटर, दोनों इवेंट में गोल्ड मेडल जीते। उनके नाम 5,000 मीटर, 10,000 मीटर, एक मील और हाफ मैराथन के भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं। 2025 में वह 3:55.63 मिनट में एक मील पूरी करने वाले पहले भारतीय बने। इसी साल उन्होंने 59:42 मिनट में हाफ मैराथन पूरी कर 60 मिनट से कम समय में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।

### गुलवीर ने ने 27:49.78 सेकंड में 10,000 मीटर रेस पूरा किया

स्कॉटस्टाउन स्टेडियम में भारी बारिश और गीले ट्रैक में गुलवीर ने 27:49.78 सेकंड का समय निकाला। ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन ने गोल्ड और आइल ऑफ मैन मुल्लार्की ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### हरजिंदर कौर ने पर्सनल बेस्ट के साथ रजत जीता

वेटलिफ्टर हरजिंदर कौर ने महिलाओं की 69 किलोग्राम वेट कैटेगरी में 227 किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 101 किलो वजन उठाकर पर्सनल बेस्ट हासिल किया। उसके बाद क्लीन एंड जर्क में 126 किलोग्राम वजन उठाते हुए सिल्वर हासिल किया।
इस इवेंट का गोल्ड कनाडा की चार्लोट सिमोन्यू (कुल 240 किलोग्राम) और बॉन्ज ऑस्ट्रेलिया की नया फीबी हेमैन (कुल 227 किलोग्राम) को मिला।
**कबड्डी छोड़ वेटलिफ्टिंग अपनाई, अब कॉमनवेल्थ गेम्स में लगातार दूसरा मेडल–** हरजिंदर कौर पंजाब के नाभा के महेश गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने खेल की शुरुआत वेटलिफ्टिंग से नहीं, बल्कि कबड्डी और रस्साकशी से की थी। उनके कोच परविंदर शर्मा ने उनकी मजबूत मसल पावर देखकर उन्हें वेटलिफ्टिंग अपनाने की सलाह दी। हरजिंदर घर पर चारा काटने की मशीन चलाती थीं, जिसमें लोहे के दो बड़े पहियों को घुमाना पड़ता था। इससे उनकी ताकत बढ़ी और वेटलिफ्टिंग की शुरुआत में उन्हें ज्यादा दिक्कत नहीं हुई।

## भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने इस्तीफा दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इंग्लैंड दौरे के दौरान ही बीसीसीआई को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी। ईएसपीएन के मुताबिक अब टेन डोशेट आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ से जुड़ेंगे। इंग्लैंड सीरीज में भारतीय टीम टी-20 और वनडे सीरीज हार गई थी। इससे पहले टीम को आयरलैंड ने पहली बार 2-0 से हराया था। नीदरलैंड के पूर्व कप्तान टेन डोशेट 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद गौतम गंभीर के हेड कोच बनने पर सपोर्ट स्टाफ में शामिल हुए थे। गंभीर ने ही उन्हें असिस्टेंट कोच चुना था। टीम में वह बल्लेबाजी और फील्डिंग, दोनों डिपार्टमेंट में जिम्मेदारी निभा रहे थे। टेन डोशेट के कार्यकाल में भारत ने 2025 एशिया कप और 2026 टी-20 वर्ल्ड कप जीता। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

बॉक्सर सचिन सिवाच जीते तो मेडल पक्का

# संजना वेटलिफ्टिंग में गोल्ड के लिए खेलेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्लासगो

कॉमनवेल्थ गेम्स के छठे दिन भारतीय खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग, स्विमिंग, एथलेटिक्स, पैरा स्विमिंग, बॉक्सिंग और लॉन बॉल्स में चुनौती पेश करेंगे। टीम की सबसे ज्यादा उम्मीदें वेटलिफ्टिंग और एथलेटिक्स से रहेंगी।

संजना महिला 77किग्रा फाइनल में गोल्ड के लिए उतरेंगी। वहीं बॉक्सर सचिन सिवाच क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे। अगर सचिन यह मुकाबला जीतते हैं, तो भारत के लिए एक मेडल पक्का हो जाएगा। दिनभर में कुल 26 गोल्ड मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें सबसे ज्यादा 11 स्विमिंग एंड पैरा स्विमिंग, 8 एथलेटिक्स एंड पैरा एथलेटिक्स और 3 वेटलिफ्टिंग के गोल्ड इवेंट शामिल हैं।

**वेटलिफ्टिंग में संजना से मेडल की उम्मीद–** वेटलिफ्टिंग में दोपहर 2 बजे संजना महिला 77 किग्रा फाइनल में उतरेंगी। भारतीय दल को उनसे गोल्ड



मेडल की उम्मीद रहेगी। इसी दिन पुरुष 94 किग्रा और महिला 86 किग्रा वर्ग के फाइनल भी खेले जाएंगे।

**स्विमिंग में साजन प्रकाश और आर्यन नेहरा पर नजर–** स्विमिंग में दोपहर 3:12 बजे साजन प्रकाश और अनीश एस गौड़ा पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल हीट्स में उतरेंगे। दोनों के क्वालिफाई करने पर रात 11:51 बजे फाइनल खेला जाएगा। वहीं 1:14 बजे आर्यन नेहरा पुरुष 1500 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में सीधे मेडल के लिए चुनौती पेश करेंगे। पैरा स्विमिंग में सुयश नारायण जाधव और चैतन्य विश्वास कुलकर्णी पुरुष 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस7 हीट्स खेलेंगे।

## खबर एक नजर...

### महाकाल दर्शन करने आये मां और बेटे को कुत्ते ने काटा

**उज्जैन।** झालावाड़ से महाकाल दर्शन करने कमलेश पिता पानमल अपनी मां पेपाबाई के साथ उज्जैन आया था। दोनों मंगलवार सुबह दर्शन की कतार में लगने के लिये जा रहे थे, उसी दौरान कुत्ते ने पेपाबाई के पैरों में काट लिया। कुत्ते का हमला देख पुत्र कमलेश ने बचाने का प्रयास किया तो उसके कुत्ते ने पकड़ लिया। दोनों मां-बेटे को कुत्ते के काटने पर जख्म हो गया। उन्होने उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों को रैबिज वैक्सीन का डोज लगाया गया है। महाकाल मंदिर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की मौजूदगी काफी समय से बनी हुई है। पूर्व में भी कई श्रद्धालुओं का कुत्ते अपना शिकार बना चुके है।

### क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आया 10 हजार का इनामी

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र में डीजल चोरी के मामले में सालभर से फरार चले रहे 10 हजार के इनामी आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को उन्हेल थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि फरार इनामी आरोपी आबिद उर्फ आलिया पिता उमर निवासी दुपाड़ा थाना लालघांटी जिला शाजापुर पर डीजल चोरी के मामले में धारा 303 (2) का प्रकरण दर्ज था। उसका एक साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका था। सालभर बाद गिरफ्त में आये आरोपी आबिद को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### ढांचा भवन के युवक को करौंदिया में दोस्तों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** ढांचा भवन का रहने वाला प्रीतम पिता गजराजसिंह राजपूत सोमवार रात दोस्त ध्रुव और अंशु के साथ पार्टी करने ग्राम करौंदिया गया था। जहां तीनों ने बैठकर शराब पी। तीनों का एक दोस्त सोनू भी है, जिससे ध्रुव और अंशु का विवाद हो चुका था। प्रीतम ने दोनों से समझौता करने की बात कहीं। जिस पर उनके बीच विवाद शुरू हो गया। प्रीतम ने विवाद का विरोध किया तो दोनों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू मारने के बाद दोनों उसे घायल हालत में छोड़कर भाग निकले। लोगों की सूचना पर नागझिरी थाना पुलिस करौंदिया पहुंची और घायल को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। उसके बयान दर्ज कर चाकू मारने वाले दोनों दोस्तों की तलाश की जा रही है।

### ट्रक चालक की लापरवाही से हुई थी युवक की मौत

**उज्जैन।** आगर-उज्जैन मार्ग परिमाता के सामने घौंसला में 26 जुलाई को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गोपाल पिता हीरालाल ग्राम साल्याखेड़ी सोयत कला की मौत हो गई थी। राघवी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। इस दौरान सामने आया कि मृतक की बाइक को ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 7596 के चालक ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। एक अन्य मामले में भाटपलचाना थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौदकला में 24 जून को दुर्घटना में दिलीप पिता करणसिंह चौहान ग्राम लेकोड़ा उज्जैन गंभीर घायल हो गया था। जिसकी उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। भाटपचलाना थाना पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### जीआरपी का कार्यभार संभालते ही विवेचकों की मीटिंग

**उज्जैन।** जीआरपी नवागत थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने मंगलवार को कार्यभार संभालते ही थाना स्टॉफ विवेचकों की मिटिंग आयोजित की। उन्होने पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर यशवंतसिंह राजपूत के निर्देशों से सभी को अवगत कराया और लंबित अपराधों का तत्काल निराकरण करने की बात कहीं। नवागत थाना प्रभारी ने यात्रियों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर प्लेटफार्मो से लेकर ट्रेनों में नियमित पेट्रोलिंग करने, संदिग्धों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये। थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को प्लेटफार्म नम्बर 6 से लापता हुई 23 वर्षीय युवती को थाना स्टॉफ की टीम ने दस्तयाब करने में सफलता भी प्राप्त की है। युवती 25 जुलाई को लापता हुई थी, जिसके तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर झांसी के गरौठा थाना क्षेत्र से उज्जैन लाया गया। युवती को न्यायालय के आदेश पर विधिवत विवाहित पति के सुपुर्द किया गया है।

### मंडल अभिभाषक संघ में सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण



**उज्जैन।** मंडल अभिभाषक संघ, उज्जैन में सौर ऊर्जा संयंत्र के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय श्री पी. सी. गुप्ता साहब, श्रीमती कलावती दीदी, अध्यक्ष नगर पालिका, उज्जैन एवं रवि सोलंकी, अध्यक्ष, विकास प्राधिकरण की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंडल अभिभाषक संघ, उज्जैन के अध्यक्ष श्री ओम जी सारवान, उपाध्यक्ष श्री सुरेंद्र जी मेहता, कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा एवं समस्त अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 589-2 | 899-6 |
| मेन बाजार | 235-0 | 349-6 |
| मिलन डे | 180-9 | 127-0 |
| मिलन नाइट | 160-7 | 380-1 |

1 6 0

#### कई चोरी की वारदात में है शामिल, आज पुलिस कर सकती है खुलासा

# चैकिंग में दिया था चकमा, दबिश में पकड़ाये कंजर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



दिनदहाड़े सूने मकानों के ताले तोड़कर वारदात करने वाले 2 कंजर मई माह में टीआई को घेराबंदी में चकमा देकर भाग निकले थे। दोनों को लम्बी तलाश के बाद डेरो में दबिश देकर पकड़ा गया है। दोनों से 2 थाना क्षेत्रों की चोरी का सुराग मिला है। संभावना है कि आज पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है।

24 मई को नागझिरी थाना क्षेत्र की शिवधाम कालोनी में दिनदहाड़े 2 मकानों में चोरी की वारदात हो गई थी। बदमाशों ने प्रशांतिधाम कॉलेज के प्रोफेसर अजहरूद्दीन सिद्धिकी और मजदूर रामसहारे के मकान का ताला तोड़ा था। बाइक से भाग रहे बदमाशों का सामान सैफी पेट्रोल पंप के सामने चैकिंग कर रहे थाना प्रभारी कमल निगवाल से हो गया था। उन्होने बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया था, लेकिन वह आभूषण का एक बेग फेंककर भाग निकले थे। जिसके बाद पता चला था कि 2 मकानों में चोरी कर भाग रहे थे। नागझिरी पुलिस ने दोनों का पता लगाने के प्रयास किये थे, उस दौरान सामने आया था कि कंजर गिरोह के बदमाश है। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया था। 2 माह बाद दोनों बदमाश पुलिस की हिरासत में आये है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की माने तो बदमाशों से चिमनगंज और नागझिरी थाना क्षेत्र की चोरियों का खुलासा हुआ है। कंजर गिरोह के होने पर वाहन चोरी के संबंध में भी पूछताछ जारी है। संभावना है कि आज दोपहर में 2 थानों की संयुक्त पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में मामलों का खुलासा किया जा सकता है।

### शाजापुर-शुजालपुर डेरों पर दी थी दबिश

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नकबजनी और वाहन चोरी के मामलों में बदमाशों का पता लगाने के लिये पुलिस की एक टीम ने रात के समय शाजापुर-शुजालपुर के रूलकी में कंजर डेरों पर दबिश मारी थी। जहां से कुछ संदिग्धों का पकड़ा गया था। पूछताछ में 2 कंजरों से शहर में दिनदहाड़े सूने मकानों में हुई चोरी का सुराग मिल गया था। सूत्रों का कहना है कि दोनों से कई चोरियों का सुराग मिला है। जिनसे चोरी का माल बरामद करने के प्रयास जारी है।

### तीन से चार थाना पुलिस की भूमिका

बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों को पकड़ने में 3 से 4 थाना पुलिस की भूमिका रही है। दोनों कंजर काफी शातिर है और बाइक से शहर की पॉश कालोनियों में सूने मकानों की रैकी करने के बाद ताले तोड़ते थे। पुलिस दोनों ने वारदातों में शामिल उनके साथियों का पता लगाने में लगी है। संभावना है कि दोनों अलग-अलग साथियों के साथ वारदात करने आते थे। उनके साथियों का सुराग मिलते ही उनकी गिरफ्तारी के प्रयास भी किये जायेगें।

#### 9 स्थानों पर होगी चार और दो पहिया वाहनों की पार्किंग

# सावन माह में कई मार्गो पर प्रतिबंधित रहेगें वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



30 जुलाई से सावन माह की शुरूआत होने जा रही है। धार्मिक नगरी में प्रति सोमवार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेगें। सावन माह में प्रदेश के अलग-अलग शहरों से कावड़ यात्रा भी आयेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये यातायात पुलिस ने प्लान जारी किया है। कई मार्गो पर वाहन प्रतिबंधित रहेगें। 9 स्थानों पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है।

सावन माह में देशभर से हजारों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचेगें। सुविधा और सुरक्षा को देखते हुये यातायात पुलिस द्वारा सावन माह के आम दिनों में श्रद्धालु अपने चार पहिया वाहन भील समाज पार्किंग, कर्कराज पार्किंग, चारधाम पार्किंग, कार्तिक मेला मैदान (भारी वाहनों, बस के लिये), हरिफाटक चौराहा मन्नत गार्डन, इम्पिरियल पार्किंग में वाहन खड़े कर सकेगें। दोपहिया वाहनों की पार्किंग हरसिद्धीपाल, क्षीर सागर मैदान, टंकी चौराहा मल्टी लेवल में रहेगी। आम दिनों में दर्शनार्थी हरिफाटक चौराहा से जंतर-मंतर लालपुल टर्निंग होकर कर्कराज, भील समाज पार्किंग में वाहन पार्क करेगें और भील समाज पार्किंग के बाद नरसिंहघाट, हरसिद्धी चौराहा होते हुऐ श्री महाकालेश्वर मंदिर के लिये जा सकेगें। कर्कराज पार्किंग एवं भील समाज पार्किंग भर जाने पर लालपुल टर्निंग से लालपुल टी होकर कार्तिक मेला ग्राउंड में पार्क कर मंदिर दर्शन के लिये जा सकेंगे।

### इन मार्गो पर वाहन लेकर ना जाये

सवारी के दौरान देवासगेट से दौलतगंज चौराहा की ओर, इंदौरगेट से दौलत गंज चौराहा की ओर,यादव धर्मशाला, बेगमबाग से महाकाल घाटी की ओर, हरसिद्धी पाल से गुदरी की ओर, दानीगेट से ढाबा रोड़, कमरी मार्ग की ओर, जूना सोमवारिया से केडी गेट की ओर वाहन लेकर ना जाये। सवारी मार्ग तक जाने वाली गलियों में किसी प्रकार के दो पहिया वाहन या अन्य वाहन खडे नहीं करें, नहीं तो क्रेन द्वारा उन वाहनों को हटाया जायेगा और जुमार्ना भी किया जायेगा।

### कालभैरव जाने के लिये यह रहेगा मार्ग

महाकाल दर्शन के बाद कालभैरव मंदिर जाने के लिये हरिफाटक चौराहा से कचरा घर जंतर मंतर चौराहा कालिदास उद्यान, रंजीत हनुमान, मोजमखेड़ी लालपुल, मुरलीपुरा, शंकराचार्य कालभैरव मंदिर तक पहुंच सकेगें।

### सोमवार को यह रहेगा सवारी मार्ग

सावन-भादौ माह में महाकाल मंदिर से निकलने वाली बाबा की सवारी का मार्ग इस प्रकार रहेगा। शाम 4 बजे महाकाल मंदिर से सवारी की शुरूआत होगी। जो कोट मोहल्ला चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी, हरसिद्धीपाल रामानुजकोट, रामघाट, गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, सत्यनारायण मंदिर, ढाबारोड, कमरी मार्ग चौराहा, टंकी चौक, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, कोट मोहल्ला चौराहा होते हुए वापस महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

# चार शादी कर चुकी महिला ने रात 3 बजे लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चार शादी कर चुकी महिला ने सोमवार-मंगलवार रात 3 बजे वर्तमान पति के घर में छत की गैलरी में दुपट्टे का फंदा बांधकर फांसी लगा ली। उसे अस्पताल लाया गया, लेकिन जान नहीं बच पाई। 2 पतियों की मौजूदगी में महिला का पोस्टमार्टम कराया गया है।

नागझिरी थाना क्षेत्र की बिहारी कालोनी में रीना नामक 46 वर्षीय महिला ने दुपट्टे का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली थी। पति सुनील देवड़ा और उसकी मां कृष्णाबाई ने उसे रात 3 बजे छत की गैलरी में लटका देखा तो नीचे उतारा, रीना की सांस चल रही थी। उसे चरक अस्पताल लाया गया। वेंटिलेटर नहीं होने पर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, वहां भी भर्ती करने की जगह नहीं होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था उसी दौरान रास्ते में मौत हो गई, बॉडी चरक अस्पताल लाई गई। नागझिरी थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराने पहुंची। इस दौरान सामने आया कि मृतक महिला का सुनीन देवड़ा चौथा पति है। उससे पहले रीना नागझिरी उद्योगपुरी में रहने वाले अर्जुन नामक युवक की पत्नी थी। अर्जुन ने 7-8 साल पहले शादी की थी। उससे पहले रीना 2 शादी कर चुकी थी। उसके पहले पति के झांसी में होने का पता चला, जिससे 2 बच्चे भी है। नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि उज्जैन में 2 पति होने की जानकारी सामने आने पर दूसरे पति अर्जुन को बुलाया गया। दोनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिये सुनील देवड़ा को सौंपा गया। हम्माली करने वाले अर्जुन और पेंटरी करने वाले सुनील से पूछताछ में सामने आया कि रीना शाजापुर के पास ग्राम पार्वती की रहने वाली थी।

#### 18 दिन बाद भी चोरों का नहीं मिला सुराग

# महाराष्ट्र के संदिग्ध बोले चोरी हुआ था मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

करोड़ों के मोबाइल चोरी करने वालों की तलाश में मुम्बई पहुंची टीम 15 दिनों बाद लौट आई। टीम 3 संदिग्धों का उज्जैन लाई थी लेकिन तीनों की चोरी में भूमिका स्पष्ट नहीं हो पाई। उनका कहना था कि मोबाइल चोरी हुआ था, पुलिस ने तीनों के बयान दर्ज किये है।

10-11 जुलाई की रात फ्रीगंज क्षेत्र के हाई च्वाइस और एसएस मोबाइल शॉप में कार से आये चार नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम देकर करोड़ों के मोबाइल चोरी कर लिये थे। 12 जुलाई से माधवनगर थाना पुलिस और सायबर की टीम बदमाशों की तलाश में उनके भागने वाले रास्तों का पता लगाकर मुम्बई तक पहुंची थी। जहां से 15 दिन बाद वापस लौटी टीम 3 संदिग्धों को उज्जैन लाई थी, जो कर्नाटक और नेपाल बार्डर के रहने वाले थे। तीनों से पूछताछ में उन्होने उनका मोबइल चोरी होने की बात कहीं। बताया जा रहा है करोड़ों के मोबाइल चोरी करने वाले काफी शातिर है। वारदात के दौरान उन्होने ग्लब्स पहने थे ताकि फिंगर प्रिंट नहीं मिले। जिसे कार से आये थे उस पर भी ग्वालियर की कार का नम्बर लगाया था। वहीं अब सामने आया कि बदमाशों ने मोबाइल से गूगल मेप पर जो रूट ट्रेस किया था, उस मोबाइल में भी चोरी की सीम लगाई थी। जिससे कोई कॉल नहीं किया गया, सिर्फ उसका उपयोग रूट पता करने के लिये किया गया। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि तीनों संदिग्धों से कुछ पता नहीं चल पाया है। मोबाइल चोरी करने वालों की अब भी तलाश जारी है।

### 15 दिन 42 सौ किलोमीटर का सफर

2 दुकानों से करोड़ों के मोबाइल चोरी करने वालों की तलाश में पिछले 15 दिनो से पुलिस और सायबर की टीम लगातार उनके रास्तों का पता लगाते हुये करीब 42 सौ किलोमीटर का सफर तय कर चुकी थी। इस दौरान कई स्थानों पर 500 सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। बदमाश इतने शातिर थे कि उन्होने हाइवे और टोल नाके का सफर तय नहीं किया। ग्रामीण क्षेत्रों और ऐसे क्षेत्रों से गुजरे, जहां कैमरे नहीं लगे थे।

# आधी रात को गिरफ्त में आये लूट के 8 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर मार्ग पर 25 जुलाई को आभूषण व्यापारी के साथ हुई लाखों की लूट में शामिल 8 बदमाशों को आधी रात पुलिस ने घेर लिया। धरपकड़ में चिंतामण थाना प्रभारी को चोंट लगी, वहीं 2 बदमाश भी घायल हो गये। एक को उपचार के लिये भर्ती कराया गया है।

**धरपकड़ में चिंतामण थाना प्रभारी को लगी चोंट**

बताया जा रहा है कि इंगोरिया में रहने वाले आभूषण का व्यापारी 25 जुलाई को बाइक से उज्जैन आ रहे थे। उसी दौरान बड़नगर मार्ग नलवा के समीप बदमाशों ने उन्हे रोक लिया था और सोने-चांदी के आभूषणों के साथ 50 हजार रुपए नगद लूट लिये थे। चिंतामण थाना पुलिस ने मामला संज्ञान में आने पर लाखों की लूट करने वाले बदमाशों की तलाश शुरू की थी। मंगलवार-बुधवार रात पुलिस को बदमाशों का सुराग मिलते ही अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस की गिरफ्त में इंगोरिया, तराना और ताल आलोट के रहने वाले बदमाश राधेश्याम, महेश, पदम, सुभाष, प्रद्युम, धीरेन्द्र, अंकित, दीपक आ गये। धरपकड़ के दौरान सुभाष और प्रद्युम गिरकर घायल हो गये। थाना प्रभारी हेमराज यादव को भी मामूली चोंट लगी है। धरपकड़ के घायल बदमाश सुभाष और प्रद्युम को रात में चरक अस्पताल लाया गया। जहां प्रद्युम का प्राथमिक उपचार किया गया, सुभाष को उपचार के लिये अभिरक्षा में भर्ती किया गया है। मामले में थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि फिलहाल पूछताछ जारी है और लूट का माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। संभावना है कि बदमाशों से कुछ ओर लूट की वारदतों का सुराग मिल सकता है।

# चोरी में परिवार की युवती की सामने आ रही भूमिका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तराना तहसील के ग्राम बघेरा में हुई लाखों की चोरी में शामिल 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर 2 को रिमांड पर लिया गया है। चोरी में परिवार की युवती शामिल होना सामने आ रही है। आरोपियों में उसका प्रेमी भी शामिल है।

20 जुलाई को ग्राम बघेरा में रहने वाला सोलंकी परिवार मान के कार्यक्रम में शामिल होने समीप के ग्राम सुरजपुरा गया था। उस दौरान दिनदहाड़े चोरी की वारदात हो गई थी। सोलंकी परिवार के धर्मेन्द्र पिता शिवनारायण ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। अज्ञात बदमाश दो जोड़ टनके ,चांदी का कंदौरा, आँवले ,एक जोड़ चांदी के बिछिया, चांदी की कड़े, सोने टॉप, चांदी की चैन और नगदी 55 हजार रुपए नगद चुराकर ले गये थे। सात दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने एबी रोड कनासिया नाका के पास जंगल से सावन पिता गणपत मोंगिया, काना पिता गणपत निवासी सुरजपुरा, धीरज पिता प्रभुलाल चौहान निवासी तराना हाल देसाई नगर उज्जैन और उसके भाई आकाश पिता प्रभलालु चौहान हल मुकाम अशोक नगर उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया था। चारों की निशानदेही पर 10 ग्राम सोने के आभूषण, ढाई किलो चांदी के आभूषण और चोरी में प्रयुक्त 2 बाइक करीब 10 लाख का माल बरामद किया था। चारों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया।

# अलखधाम आश्रम ने विद्यार्थियों को निःशुल्क उत्तर पुस्तिकाएं व छात्रवृत्ति वितरित की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री अलखधाम उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, शिवाजी पार्क, उज्जैन द्वारा महंत स्वामी श्री आत्मादास उदासीन के सान्निध्य में विद्यार्थियों को निःशुल्क उत्तर पुस्तिकाओं एवं छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। यह जानकारी आश्रम के प्रवक्ता डॉ. संजीव कुमार तिवारी ने दी।

उन्होंने बताया कि ग्राम कल्याणपुरा, सेमल्या, बोलासा, भैंवरी, देवराखेड़ी, मतानागुर्द, माधोपुरा, गांवड़ी, कनवनरिया, सेमल्यानासर, पिपलोदा द्वारिकाधीश, सुंगाखेड़ी, पालचंदा, कासमपुरा, चंदेसरी एवं नरवर के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपियों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को भी आश्रम द्वारा कॉपियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस वर्ष लगभग 20 हजार उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

आश्रम द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शिक्षा जारी रखने के लिए लगभग 7 लाख रुपये की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। आश्रम ट्रस्ट प्रतिवर्ष शिक्षा, धर्म एवं समाजसेवा के क्षेत्र में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य करता है। पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम में आश्रम के विशाल के साथ शिक्षक ओमप्रकाश मालवीय एवं राजेश कृष्णानी का विशेष सहयोग रहा।

# चाकूबाजी में शामिल 12 आरोपियों की कराई गई परेड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर में चाकूबाजी के मामले सामने आने के बाद पुलिस ने अभियान शुरू कर पुराने चाकूबाजों को तलब करना शुरू कर दिया है। सोमवार-मंगलवार रात जीवाजीगंज सीएसपी ने अपने अनुभाग के 3 थानों में दर्ज चाकूबाजी करने वालों को तबल किया और उनकी परेड़ कराई। उन्हे हिदायत दी गई कि अब अपराध में लिप्त पाये गये तो राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की कठोर कार्रवाई की जायेगी।

सीएसपी पुष्पा प्रजापति ने बताया कि चाकूबाजी करने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है, ताकि घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में उनके अनुभाग के थाना क्षेत्र चिमनगंज, पंवासा और जीवाजीगंज में चाकूबाजी और धारदार हथियारों के प्रकरण में शामिल सजायाफ्ता आरोपियों को तलब किया गया था। तीनों थाना क्षेत्र के 12 आरोपियों को बुलाने के बाद उन्हे चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी प्रकार की चाकूबाजी, अवैध हथियार रखने,आमजन में भय और आतंक का वातावरण फैलाने के साथ कानून व्यवस्था भंग करने पर उनके विरूद्ध एनएसए में प्रकरण दर्ज किया जायेगा सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उनकी परेड़ कराई। अभियान का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा को सुदृढ़ करना और अपराधियों पर अंकुश लगाना है। रात में तलब किये गये आरोपियों में अनिकेत कंडारिया निवासी वृंदावनपुरा, गणेश गुजराती तिलकेश्वर कालोनी, टीपू उर्फ काला 40 क्वार्टर, प्रिंस उर्फ दीपक चौहान भैरूनाला, लोकेश उर्फ सन्नाटा सिसौदिया प्रतापनगर पंवासा, अक्षय मरमट निवासी जाल कंपाउंड जिसे चाकू के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया था। रौनक उर्फ कान्हा गुर्जर निवासी अमृतनगर और चिमनगंज क्षेत्र के आरोपी शामिल थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com